LKS
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान


दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 06 मार्च 2026

लोकतंत्र का स्तंभ

# भारत-फिनलैंड डिजिटल और सस्टेनेबिलिटी में रणनीतिक साझेदारी को देंगे नई गति : मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ वार्ता के बाद कहा कि भारत और फिनलैंड डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में अपने संबंधों को एक नई रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं, जिससे उच्च प्रौद्योगिकी और नवाचार के अनेक क्षेत्रों में सहयोग को गति मिलेगी। हैदराबाद हाउस में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति स्टब के भारत के पहले दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि वह न केवल एक वैश्विक नेता हैं बल्कि एक प्रतिष्ठित विचारक और लेखक भी हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आयोजित रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति भारत के लिए सम्मान और प्रसन्नता की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक कई क्षेत्रों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे वैश्विक माहौल में भारत और यूरोप जैसे दो बड़े कूटनीतिक साझेदारों के बीच संबंधों का नया दौर वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत में भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को और मजबूती मिलेगी। मोदी ने कहा कि भारत और फिनलैंड डिजिटल प्रौद्योगिकी, अवसंरचना और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। उन्होंने कहा कि फिनलैंड की कंपनी नोकिया के मोबाइल फोन और दूरसंचार नेटवर्क ने करोड़ों भारतीयों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि फिनलैंड के वास्तुकारों के सहयोग से चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया गया है। इसके साथ ही दोनों देशों के सहयोग से असम के नुमालीगढ़ में दुनिया की सबसे बड़ी बांस आधारित बायोएथेनॉल रिफाइनरी की स्थापना भी की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति स्टब की यात्रा के दौरान भारत और फिनलैंड ने अपने संबंधों को डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। यह साझेदारी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, 6जी दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा रक्षा, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिज जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में भी दोनों देशों की साझेदारी को और गहरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फिनलैंड जैसे लोकतांत्रिक और जिम्मेदार देशों के बीच यह रणनीतिक साझेदारी विश्व के लिए भरोसेमंद प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने में सहायक होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभाओं के लिए तेजी से एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण माइग्रेशन और मोबिलिटी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे संयुक्त अनुसंधान और स्टार्टअप सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि फिनलैंड शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श माना जाता है और दोनों देशों ने शिक्षक प्रशिक्षण, स्कूल-से-स्कूल साझेदारी और शिक्षा के भविष्य पर अनुसंधान सहयोग को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। इससे स्कूल से लेकर उद्योग तक मानव संसाधन विकास के हर स्तर पर सहयोग को और मजबूत किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नॉर्डिक क्षेत्र में फिनलैंड भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और दोनों देश आर्कटिक तथा ध्रुवीय अनुसंधान के क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ ग्रह दोनों देशों की साझा प्राथमिकता है और इस वर्ष फिनलैंड के सहयोग से भारत में वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का आयोजन किया जाएगा, जिससे सस्टेनेबिलिटी के प्रयासों को नई गति और नए विचार मिलेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने साझा किया संस्कृत सुभाषित, कहा-उत्साह सबसे बड़ा बल

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्साह और दृढ़ संकल्प की शक्ति को रेखांकित करते हुए एक संस्कृत सुभाषित साझा किया है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए उत्साह सबसे बड़ी ताकत होती है। प्रधानमंत्री ने आज एक्स पर यह सुभाषित साझा किया, "उत्साहो बलवानार्य नास्त्युत्साहात् परं बलम्। सोत्साहस्यास्ति लोकेऽस्मिन् न किञ्चिदपि दुर्लभम्॥" इस सुभाषित का अर्थ है कि उत्साह सबसे बड़ा बल है और उत्साही व्यक्ति के लिए इस दुनिया में कुछ भी दुर्लभ या असंभव नहीं है। प्रधानमंत्री का साझा किया गया संदेश लोगों को सकारात्मक सोच, परिश्रम और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

# झूठ पर गढ़े गए युद्ध के निराधार और भ्रामक दावे



बातचीत के दौरान एक झूठ का सहारा लेकर इजराइल और अमेरिका ने जिस तरह से ईरान पर हमला किया, उसी वक्त तनाव के बीच का संघर्ष मानों बेलगाम युद्ध में तब्दील हो गया। अब पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध केवल मिसाइलों और बमों तक सीमित नहीं रह गया है, इसके समानांतर एक और खतरनाक युद्ध लड़ा जा रहा है, वह है सूचना और दुष्प्रचार की जंग। जब युद्ध के मैदान में धुआँ उठता है, तब अक्सर सच्चाई धुंध में छिप जाती है और अफवाहें, आधे-अधूरे तथ्य तथा झूठी खबरें जंगल में लगी आग की तरह तेजी से फैलने लगती हैं। भीड़ या समूह को भड़काने में इसका बेजा इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल हाल ही में एक अमेरिकी समाचार चैनल द्वारा यह दावा किया गया कि ईरान पर हमले के लिए अमेरिकी नौसेना भारतीय बंदरगाहों का उपयोग कर रही है। भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत इस खबर का खंडन करते हुए इसे पूरी तरह झूठा और निराधार बताया। यह घटना बताती है कि युद्ध के समय भ्रामक सूचनाएँ किस प्रकार देशों के बीच अनावश्यक तनाव पैदा कर सकती हैं। दरअसल, अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता संघर्ष पहले ही बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंच चुका है। हजारों लोगों की जान जा चुकी है और युद्धविराम की संभावना फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। ऐसे माहौल में अगर किसी तीसरे देश को बिना किसी प्रमाण के युद्ध से जोड़ दिया जाए, तो उसके गंभीर कूटनीतिक और रणनीतिक परिणाम हो सकते हैं। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत लंबे समय से पश्चिम एशिया में संतुलित और स्वतंत्र विदेश नीति अपनाता रहा है। भारत के ईरान, इजरायल और अमेरिका तीनों ही देशों से महत्वपूर्ण संबंध हैं। ऐसे में इस प्रकार के निराधार दावे भारत की तटस्थ और संतुलित नीति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी हो सकते हैं। खासतौर पर तब जबकि ईरान पर हमले से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे को लेकर तरह-तरह के भ्रामक दावे किए गए, बाद में इस पर भी स्पष्टीकरण आया और सभी दावे अफवाहें साबित हो गए। बहरहाल युद्ध के दौरान दुष्प्रचार का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है। इतिहास गवाह है कि युद्ध के समय प्रचार और मनोवैज्ञानिक रणनीतियाँ सैन्य हथियारों जितनी ही महत्वपूर्ण मानी जाती रही हैं। आज डिजिटल युग में यह प्रवृत्ति और अधिक खतरनाक हो गई है, क्योंकि सोशल मीडिया और 24 घंटे चलने वाले कुछ समाचार चैनलों के कारण गलत जानकारी पलक झपकते ही दुनिया भर में फैल जाती है। कई बार तो ये खबरें बिना तथ्य के जांचे-परखे प्रसारित कर दी जाती हैं, जिससे भ्रम और अविश्वास का माहौल बन जाता है। वर्तमान संघर्ष के संदर्भ में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। अमेरिकी नेतृत्व ने दावा किया है कि उसके सैन्य अभियान ने ईरान की सैन्य क्षमता को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है और ईरान द्वारा किए जा रहे मिसाइल और ड्रोन हमलों में भारी कमी आई है।

सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### खामेनेई की मौत पर कश्मीर में उबाल, महबूबा ने अमेरिकी और इजरायली नेताओं के पुतले फूंके

**जम्मू**। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत और तेहरान पर हुए भीषण हमलों की गूंज अब कश्मीर की वादियों में पुरजोर तरीके से सुनाई दे रही है। इस घटनाक्रम ने घाटी के राजनीतिक और सामाजिक माहौल में भारी तनाव पैदा कर दिया है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में एक विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को बुराई की ताकत करार दिया और उनके पोस्टरों को आग के हवाले कर दिया। महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार के रुख पर तीखा हमला बोलते हुए गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अब तक न तो इन हमलों की निंदा की है और न ही ईरान की जनता के प्रति कोई सहानुभूति दिखाई है। भारत और ईरान के ऐतिहासिक संबंधों का हवाला देते हुए उन्होंने याद दिलाया कि ईरान ने हमेशा कश्मीर मुद्दे पर भारत के रुख का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समर्थन किया है, जबकि अन्य कई मुस्लिम देश उस समय पाकिस्तान के पाले में खड़े थे। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जब भारत कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा था, तब ईरान ने ही संकट के समय कर्ज पर तेल देकर भारत की मदद की थी।



### कन्याकुमारी से 400 किमी दूर अमेरिकी हमले में ईरानी जहाज डूबा, 80 शव मिले



**कोलंबो**। श्रीलंका के दक्षिणी तट के पास अमेरिकी पनडुब्बी हमले के बाद डूबे एक ईरानी नौसैन्य जहाज से करीब 80 ईरानी नाविकों के शव बरामद हुए हैं। श्रीलंका ने पहले बताया था कि उसकी नौसेना ने बुधवार तड़के करीब 180 नाविकों को लेकर जा रहे आईरिस देना नामक ईरानी जहाज से 32 ईरानी नाविकों को बचाया। श्रीलंकाई नौसेना ने हालांकि इसकी वजह नहीं बताई कि जहाज ने आपातकालीन संदेश क्यों भेजा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वहीं अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि एक अमेरिकी पनडुब्बी ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया है। उन्होंने कहा कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से टॉरपीडो से दुश्मन के जहाज को डुबोने की पहली घटना है। ईरानी जहाज हाल ही में भारत द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास में शामिल हुआ था। भारतीय नौसेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

## कनाडाई पीएम ने कहा- पीएम मोदी बहुत अलग हैं उन्होंने 25 साल में एक बार भी छुट्टी नहीं ली

एजेंसी। नई दिल्ली



कभी कनाडा और भारत के बीच तनातनी चल रही थी। अब दोनों देश एक दूसरे की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। हाल ही में भारत की यात्रा पर आए कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि ये प्रधानमंत्रीजी बहुत अलग हैं उन्होंने बीते 25 सालों में कभी एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है। वे सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रसेवा को महत्व देते हैं। कार्नी ने एक कार्यक्रम में अपने हालिया भारत दौरे और पीएम मोदी से मुलाकात को याद करते हुए कहा कि मोदी की कार्यशैली और काम के प्रति उनका समर्पण बेहद अलग है। उन्होंने कहा- 'यह व्यक्ति अलग तरह का है। गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पिछले 25 वर्षों में उन्होंने एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है।कनाडाई प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी हर हफ्ते के अंत में चुनाव प्रचार में निकल जाते हैं और उनकी रैलियों में लाखों लोग पहुंचते हैं। कार्नी ने कहा कि कई बार एक रैली में करीब ढाई लाख लोग तक मौजूद रहते हैं, जो उनकी लोकप्रियता को दिखाता है। कार्नी ने पीएम मोदी की कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि वह खास तौर पर ग्रामीण आबादी के लिए काम करने पर ध्यान देते हैं। दरअसल कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी हाल ही में भारत दौरे पर आए थे। यह दौरा ऐसे समय हुआ जब पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण रहे थे।

# जनगणना के लिए 4 डिजिटल टूल लॉन्च, प्रगति-विकास शुभंकर का अनावरण

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यहां जनगणना-2027 के लिए चार डिजिटल प्लेटफॉर्म का सॉफ्ट लॉन्च किया और प्रगति (महिला) एवं विकास (पुरुष) नामक शुभंकर का अनावरण किया। यह दुनिया का सबसे बड़ा जनगणना अभियान होगा और पहली बार पूरी जनगणना डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। साथ ही पहली बार नागरिकों को 'सेल्फ-एन्यूमरेशन' यानी स्वयं ऑनलाइन जानकारी दर्ज कराने का विकल्प भी दिया जाएगा। सरकारी सूचना के अनुसार उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) द्वारा विकसित किए गए हैं। इनकी मदद से देशभर में जनगणना संचालन को अधिक व्यवस्थित और तकनीक-आधारित बनाया जाएगा। जनगणना-2027 के लिए बनाए गए शुभंकर 'प्रगति' और 'विकास' एक महिला और एक पुरुष गणनाकर्मी का प्रतीक हैं। इनके माध्यम से जनगणना से जुड़ी जानकारी और संदेश आम नागरिकों तक सरल और प्रभावी तरीके से पहुंचाए जाएंगे। साथ ही ये पुरुष और महिलाओं की समान भागीदारी के प्रतीक भी हैं, जो वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दर्शाते हैं। सरकार ने 16 जून 2025 को राजपत्र अधिसूचना जारी कर जनगणना-2027 की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू की थी। यह जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी और इसमें देशभर में 30 लाख से अधिक गणनाकर्मी, पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी शामिल होंगे। पहले चरण 'गृह-सूचीकरण एवं आवास जनगणना' के तहत आवास की स्थिति और घरेलू सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके लिए मकान-सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य एक अप्रैल से 30 सितंबर के बीच 30 दिनों की अवधि में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा निर्धारित समय पर किया जाएगा।

## शी-मार्ट विषय पर वेबिनार कल, प्रधानमंत्री करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली**। बजट के बाद के वेबिनार सत्र-2026 के तहत शुक्रवार को शी-मार्ट विषय पर चर्चा की जाएगी। इस सत्र को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने गुरुवार को एक्स पर लोगों से वेबिनार से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि शी -मार्ट ग्रामीण महिलाओं को उत्पादन से ब्रांडिंग की ओर, स्थानीय बिक्री से राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ने में मदद करेंगे। क्योंकि आज की महिला उद्यमी ही कल की व्यापारिक नेता हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह महज़ उत्पाद बेचने की जगह नहीं होगी, बल्कि एक ऐसा मंच होगा जहां आत्मविश्वास बढ़ेगा, सपने साकार होंगे और महिलाएं उद्यमी के रूप में अपना उचित स्थान प्राप्त करेंगी। दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में वे अब बड़े बाजारों में कदम रखेंगी, उचित मूल्य अर्जित करेंगी, मजबूत नेटवर्क बनाएंगी और अपनी मेहनत को स्थायी सफलता और आत्मनिर्भरता में बदलेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संबोधित किए जाने वाले 'ग्रामीण महिला नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए शी-मार्ट विषय पर आयोजित बजट के बाद के वेबिनार सत्र में हमारे साथ जुड़ें।

## देशभर में बम धमाकों की धमकी देने का आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

**मुंबई**। मुंबई के स्कूलों, स्टॉक एक्सचेंज और मेट्रो स्टेशनों समेत देश के विभिन्न स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी देकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को मुंबई पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पिछले कुछ दिनों में देश के करीब 50 स्थानों को धमकी भरे ईमेल भेजे थे। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के न्यू बराकपुर निवासी सौरव विश्वास (28) के रूप में हुई है। मुंबई पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पिछले पांच दिनों के दौरान मुंबई, दिल्ली, गुजरात सहित कई राज्यों के महत्वपूर्ण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों को बम धमाके की धमकी भेजी थी, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया था। पुलिस के अनुसार 27 फरवरी को सुबह करीब 8:46 बजे इंटरनेट के माध्यम से मुंबई के कई स्कूलों और मेट्रो स्टेशनों को एक धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। ईमेल में अगले दो दिनों के भीतर बम विस्फोट करने की चेतावनी दी गई थी। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं और कई स्थानों पर जांच अभियान चलाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंबई के दिंडोशी पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और ईमेल ट्रैकिंग की मदद से आरोपी तक पहुंचने में सफलता हासिल की।

# तमिलनाडु गठबंधन रहेगा बरकरार, 28 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी कांग्रेस



**चेन्नई**। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए डीएमके ने कमर कस ली है। सीएम एम के स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके ने एक विशाल गठबंधन तैयार किया है, जिसमें कुल 21 पार्टियां शामिल हैं। कांग्रेस फिर इस गठबंधन का हिस्सा है और इस बार 28 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार कर रही है। सीएम स्टालिन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सेल्वापेरुन्थागाई के बीच गुरुवार को अहम बैठक हुई। इस बैठक में निर्वाचन क्षेत्रों के बंटवारे पर अंतिम मुहर लगी। डीएमके और कांग्रेस के बीच हुए समझौते के तहत ये फैसला लिया गया है कि कांग्रेस तमिलनाडु में 28 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा, आगामी राज्यसभा चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी के लिए एक सीट आरक्षित की गई है। डीएमके ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी कर दी है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता तिरुचि शिवा पर फिर भरोसा जताते हुए उन्हें राज्यसभा सांसद के रूप में बरकरार रखा है, जबकि कॉन्स्टेंटाइन रविंद्रन को पहली बार राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। इस गठबंधन में डीएमके को दो, कांग्रेस को एक और डीएमडीके को एक राज्यसभा सीट मिली है। डीएमके ने एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए लिखा है कि तमिलनाडु की राजनीति के इतिहास में ये पहली बार है जब एक ही गठबंधन, बिना टूटे और नई पार्टियों को शामिल करते हुए चार बार चुनावों का सामना कर रहा है। तमिलनाडु की राजनीति का अब तक का इतिहास रहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए बना गठबंधन अगले चुनाव तक कभी टिक नहीं पाया। पार्टी ने दावा किया कि सीएम स्टालिन ने अपने अनूठे व्यक्तित्व और सौहार्दपूर्ण स्वभाव से ये नया इतिहास रचा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीएमके ने विपक्षी नेताओं पर भी तीखा हमला बोला है।

# कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में उतारे 6 उम्मीदवार सिंघवी-रेड्डी-फूलो और बौद्ध जाएंगे राज्यसभा

एजेंसी। नई दिल्ली



देश के 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के नामांकन का आज यानि गुरुवार को अंतिम दिन है। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने तेलंगाना, तमिलनाडु, हिमाचल और छत्तीसगढ़ की राज्यसभा सीट के लिए अपने पत्ते खोल दिए हैं। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी को तेलंगाना से दुबारा राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। तेलंगाना से कांग्रेस ने सिंघवी के अलावा वेम नरेंद्र रेड्डी को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। सिंघवी को जहां गांधी परिवार का करीबी माना जाता है तो वेम रेड्डी तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डा के भरोसेमंद माने जाते हैं। पूर्व विधायक रेड्डी तेलंगाना कांग्रेस के उपाध्यक्ष भी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मंजूरी के बाद इस सूची को जारी किया गया है। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश से अनुराग शर्मा को कैंडिडेट बनाया है। इसके अलावा एम. क्रिस्टोफर तिलक तमिलनाडु से उतरेंगे। अभिषेक मनु सिंघवी और वी. नरेंद्र रेड्डी तेलंगाना से राज्यसभा जाएंगे। हरियाणा से कर्मवीर सिंह बौद्ध को मौका दिया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ से फूलो देवी नेताम को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। हरियाणा में कांग्रेस ने दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कर्मवीर सिंह बौद्ध को मौका दिया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का नाम चर्चा में था तो वहीं अशोक तंवर भी रेस में बताए जा रहे थे। लेकिन अंत में कर्मवीर सिंह बौद्ध के नाम पर ही मुहर लगी। इसे पार्टी की एक नया दलित नेतृत्व खड़ा करने की कोशिश माना जा रहा है।अब हिमाचल की बात करें तो वहां भी कांग्रेस ने चौंका दिया है। उन अनुराग शर्मा को राज्यसभा में मौका दिया है, जिनका नाम दूर-दूर तक चर्चा में नहीं था। इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संकेत दिए थे कि इस बार कांग्रेस बाहरी राज्य से उम्मीदवार नहीं उतारेगी और हिमाचल से ही चेहरा सामने लाया जाएगा।

## विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास पहुंचकर खामेनेई के निधन पर शोक जताया



**नई दिल्ली**। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री गुरुवार को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक प्रकट करने दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास पहुंचे और यहां शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में तेहरान स्थित आवास में मारे गए थे। विदेश सचिव ने भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से शोक प्रकट किया। विदेश मंत्रालय की ओर से इसकी तस्वीरें साझा की गई हैं। उल्लेखनीय है कि ईरानी दूतावास ने आज अपने सर्वोच्च नेता की मौत पर दुख प्रगट करने के लिए शोक पुस्तिका को खोला है। दूतावास ने एक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। शोक पुस्तिका 5, 6 एवं 9 मार्च को 10 से 3 बजे तक खोली जाएगी।




# डॉ. मंडाविया ने दुनिया की पहली फ्रैंचाइज बेस्ड 'साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया' का लोगो लॉन्च किया

## दुनिया की पहली प्रोफेशनल फ्रैंचाइज बेस्ड रोड साइक्लिंग लीग की मेजबानी करेगा भारत

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को दुनिया की पहली फ्रैंचाइजी बेस्ड रोड साइक्लिंग लीग का लोगो लॉन्च किया। साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया पहल को देश में साइक्लिंग के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम बताते हुए डॉ. मंडाविया ने कहा कि यह लॉन्च देश में साइक्लिंग के लिए एक अहम पल है। उन्होंने कहा कि दुनिया की पहली फ्रैंचाइज़ बेस्ड रोड साइकिलिंग लीग शुरू करके हम सिर्फ़ रेस ही नहीं ऑर्गनाइज़ कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसा प्रोफेशनल इकोसिस्टम बना रहे हैं जो टैलेंट को आगे बढ़ाएगा, दुनिया का ध्यान खींचेगा और एक फिट और वाइब्रेंट भारत के हमारे विज़न से मैच करेगा। मंत्री ने आगे कहा कि यह पहल देश में हाल के प्रोफेशनल साइकिलिंग इवेंट्स से बने मोमेंटम पर बनी है और युवा भारतीयों को यह खेल अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने आगे कहा, "चाहे वह पुणे ग्रैंड टूर हो, अहमदाबाद में यह लीग हो, या संडे ऑन साइकिल हो जो हर हफ़्ते देश में अलग-अलग जगहों पर होता है। यह सब आने वाले दिनों में भारत में साइकिलिंग को एक खेल के तौर पर स्थापित करेगा।" उन्होंने कहा, "दुनिया की पहली फ्रैंचाइजी बेस्ड रोड साइकिलिंग लीग एक प्रोफेशनल और कमर्शियली सस्टेनेबल स्पोर्टिंग इकोसिस्टम बनाने में हमारे विश्वास को दिखाती है। आने वाली लीग में आठ शहर या इलाके की फ्रैंचाइज़ होंगी, जिनमें से हर एक में दस साइकिलिस्ट होंगे। हर टीम में दो इंटरनेशनल राइडर होंगे, जो दुनिया भर की एक्सपर्टीज़ और कॉम्पिटिटिवनेस लाएंगे, साथ ही दो जूनियर साइकिलिस्ट भी होंगे जिनका मकसद उभरते हुए भारतीय टैलेंट को आगे बढ़ाना और खेल की लंबे समय तक चलने वाली सस्टेनेबिलिटी सुनिश्चित करना है। ये कॉम्पिटिशन तीन स्ट्रक्चर्ड फेज़ में होंगे, जो एक ग्रैंड फिनाले तक जाएंगे। इसमें अलग-अलग फॉर्मेट की रेस होंगी, जैसे क्राइटेरियम रेस, टीम टाइम ट्रायल और मास स्टार्ट इवेंट, जिन्हें देखने वालों के लिए स्ट्रेटेजिक कॉम्पिटिशन और रोमांचक नज़ारा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। न्यू होराइजन अलायंस प्राइवेट लिमिटेड के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रवनीत गिल ने इस पहल के पीछे के लॉन्ग टर्म विजन पर जोर दिया। आठ डायनामिक फ्रेंचाइजी, इंटरनेशनल और उभरते हुए टैलेंट का मिक्स और एक्साइटमेंट और फेयरनेस के लिए डिज़ाइन किए गए रेस फॉर्मेट के साथ यह लीग भारत में साइकिलिंग के लिए एक स्थायी लेगेसी बनाएगी। नई लीग से भारत के साइकिलिंग इकोसिस्टम को काफी मजबूत करने, एथलीटों के लिए मौके बढ़ाने और ग्लोबल स्पोर्टिंग लैंडस्केप में देश की प्रेजेंस को बढ़ाने की उम्मीद है, साथ ही नई पीढ़ी को इस खेल को अपनाने के लिए इंस्पायर करेगी। भारत कई खेलों में प्रोफेशनल लीग कल्चर का तेजी से विस्तार देख रहा है।कई नई लीग जल्द ही शुरू होने वाली हैं, 2026 में भारत में प्रोफेशनल लीग का और विस्तार होने की उम्मीद है, जिससे देश का स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और कॉम्पिटिटिव लैंडस्केप मजबूत होगा।




# कांग्रेस की चेतावनी- युद्ध का असर भारत में खाद्य और ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा

- » ईरान के खिलाफ गैर कानूनी युद्ध और खामेनेई की हत्या पर मोदी की चुप्पी आपराधिक- पवन खेड़ा
- » भारतीय महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी जहाज पर हमले की भी निंदा की, कहा- गैंग्स ऑफ एपस्टीन की कठपुतली बने मोदी
- » यह केवल मानवीय मुद्दा नहीं है, बल्कि ईरान के साथ भारत के सदियों पुराने संबंधों का भी सवाल- खेड़ा

लोकतंत्र की शान, संवाददाता जीशान अली

**नई दिल्ली**: कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध भारत के हर घर तक असर डालेगा और देश में खाद्य तथा ऊर्जा महंगाई की लहर आने वाली है, जिसके लिए मोदी सरकार तैयार नहीं है। पार्टी ने ईरान के खिलाफ युद्ध और उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की हत्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को 'आपराधिक' बताते हुए कहा कि इससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की नैतिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन




पवन खेड़ा ने कहा कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम का सीधा असर भारत की ऊर्जा आपूर्ति, खाद्य कीमतों और अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। प्रधानमंत्री के हालिया इजराइल दौरे के समय पर भी सवाल उठाते हुए पवन खेड़ा ने पूछा कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमला करने तथा खामेनेई की हत्या से 48 घंटे पहले प्रधानमंत्री मोदी के इजराइल दौरे का उद्देश्य क्या था। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल साउथ के अधिकतर देश इजराइल से दूरी बनाना चाहते हैं, मगर मोदी खुशी-खुशी वहां चले गए। उन्होंने एपस्टीन फाइलों में प्रधानमंत्री के इजराइल में गाने और नाचने के उल्लेख का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 'गैंग्स ऑफ एपस्टीन' की कठपुतली बन गए हैं। उन्होंने दोहराया कि वे कॉम्प्रोमाइज़्ड हैं और एपस्टीन फाइलों व अमेरिका में चल रहे अडानी केस के दबाव में हैं।

# जमाअत के अध्यक्ष ने ईरान पर अमेरिका-इज़राइल हमले की निंदा की; युद्ध को बड़े खाड़ी संघर्ष से रोकने के लिए संयम की अपील की

लोकतंत्र की शान, संवाददाता सना खान

**नई दिल्ली**। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने ईरान के खिलाफ अमेरिका और इज़राइल के चल रहे संयुक्त सैन्य हमले की कड़ी निंदा की है और इस बात पर ज़ोर दिया है कि मौजूदा टकराव को खाड़ी और पूरे मध्य-पूर्व समेत एक बड़े क्षेत्रीय युद्ध का रूप नहीं लेने देना चाहिए। मीडिया को जारी एक बयान में जमाअत के अध्यक्ष ने कहा कि ईरान के इलाके पर अमेरिका और इज़राइल के लगातार सैन्य हमले देश की संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर एवं खुला उल्लंघन हैं। उन्होंने गहरी पीड़ा के साथ कहा कि इन हमलों से ईरान के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर अवाम की मौत और तबाही हुई है। हाल ही में दक्षिण ईरान के मिनाब में हुए हवाई हमले ने एक स्कूल को निशाना बनाया जिसमें कथित तौर



पर 165 स्कूली लड़कियों की मौत हो गयी। इस घटना ने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया है। बेगुनाह आम लोगों, खासकर बच्चों पर ऐसे हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का गंभीर उल्लंघन हैं और संयुक्त राष्ट्र और बड़े अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने तुरंत जवाबदेही की मांग करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि तनाव में वृद्धि विशेष रूप से परेशान करने वाली है क्योंकि ये हमले तब किए गए जब कथित तौर पर कूटनीतिक प्रक्रिया चल रही थी। स्थित स्पष्ट करती है शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद कम हो गई और बातचीत के बजाय सैन्य दबाव को खतरनाक प्राथमिकता का संकेत मिला। जमाअत के अध्यक्ष ने कहा कि "मौजूदा संकट सैन्य दखल वाले ट्रेंड का नतीजा है जिसने लगातार मध्य-पूर्व को अस्थिर किया है और लाखों आम लोगों को तकलीफ़ और असुरक्षा के हालात में छोड़ दिया है। इज़राइल की आक्रामक नीतियों का साथ देकर अमेरिका दुश्मनी का ऐसा सिलसिला चला रहा है जिससे न सिर्फ़ ईरान बल्कि पूरा खाड़ी क्षेत्र खतरे में है।" उन्होंने पड़ोसी खाड़ी देशों में अवाम के मारे जाने की खबरों पर चिंता जताई। "ईरान को अपनी संप्रभुता की रक्षा करने का अधिकार है, लेकिन ऐसे कामों से बचना चाहिए जिनसे पड़ोसी अरब देश लड़ाई में शामिल हो सकते हैं। मौजूदा संकट को ईरान-अरब लड़ाई में बदलने का अवसर नहीं दिया जाना चाहिए। इससे इलाका और बंट जाएगा और खाड़ी और मध्य पूर्व के लोगों के लिए गंभीर मानवीय और आर्थिक नतीजे होंगे।

# होली के अवसर पर सीपी, दिल्ली ने शहर भर में तैनात पुलिस कर्मियों से मुलाकात की

लोकतंत्र की शान

**दिल्ली पुलिस** : श्री सतीश गोलछा, आईपीएस, पुलिस आयुक्त, दिल्ली ने होली के अवसर पर शहर के विभिन्न ड्यूटी प्वाइंट्स का दौरा किया तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मियों से बातचीत की। दौरों के दौरान पुलिस आयुक्त, दिल्ली ने सभी कर्मियों को होली की शुभकामनाएं दीं और उनसे सौहार्दपूर्ण बातचीत की। उन्होंने त्योहार के दौरान जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने परिवारों से दूर रहकर कर्तव्य निभा रहे पुलिसकर्मियों की समर्पण भावना और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए उनका मनोबल भी बढ़ाया। शहर में होली के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के



लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। गहन पेट्रोलिंग और विभिन्न स्थानों पर चेकिंग पिकेट स्थापित कर अधिकतम ग्राउंड विजिबिलिटी सुनिश्चित की गई। जिला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस तथा पीसीआर के स्टाफ को हुड़दंग और खतरनाक ड्राइविंग पर रोक लगाने के लिए तैनात किया गया था। सार्वजनिक सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया और शहर के विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई। पुलिस आयुक्त, दिल्ली ने कॉनॉट प्लेस, लाजपत नगर मार्केट, साउथ एक्सटेंशन मार्केट, पंखा रोड, डाबरी, विकासपुरी, पीरा गढ़ी चौक, प्रशांत विहार रोहिणी, मुकरबा चौक, किंग्सवे कैंप, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, वेलकम मेट्रो स्टेशन, श्यामलाल कॉलेज, लक्ष्मी नगर और डब्ल्यू-पॉइंट आईटीओ सहित कई ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनात कर्मियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तैनात स्टाफ के बीच मिठाइयां भी वितरित कीं और त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। सीपी दिल्ली के इस दौरे के दौरान उनके साथ कानून-व्यवस्था के विशेष पुलिस आयुक्त, संयुक्त पुलिस आयुक्त (रेंज), अतिरिक्त पुलिस आयुक्त तथा संबंधित जिलों के पुलिस उपायुक्त भी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में शामिल रहे।

## पश्चिम एशियाई देशों में सीबीएसई की 10वीं कक्षा की परीक्षाएं रद्द, 12वीं की सात मार्च की परीक्षा स्थगित

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ईरान से जुड़े सुरक्षा हालात को देखते हुए वहां आयोजित की जा रही कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं 11 मार्च तक के लिए रद्द कर दी हैं, जबकि कक्षा 12 की सात मार्च को निर्धारित परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। सीबीएसई की ओर से जारी जानकारी के अनुसार पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में परीक्षा दे रहे छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। बोर्ड ने कहा कि कक्षा 10 की जो परीक्षाएं 11 मार्च तक निर्धारित थीं, उन्हें रद्द कर दिया गया है। इन छात्रों के परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया और मूल्यांकन की पद्धति के बारे में बाद में अलग से सूचना जारी की जाएगी। वहीं कक्षा 12 की सात मार्च को होने वाली बोर्ड परीक्षा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। बोर्ड ने कहा है कि नई परीक्षा तिथि की घोषणा स्थिति की समीक्षा के बाद की जाएगी। सीबीएसई ने छात्रों, अभिभावकों और स्कूलों से अपील की है कि वे आधिकारिक सूचनाओं के लिए बोर्ड की वेबसाइट और अधिसूचनाओं पर ही भरोसा करें। बोर्ड ने बुधवार को जारी सर्कुलर-3 के माध्यम से बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात स्थित सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के लिए संशोधित निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, 1 और 3 मार्च को जारी पूर्ववर्ती सर्कुलरों के क्रम में क्षेत्र की मौजूदा परिस्थितियों की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। सर्कुलर के अनुसार, कक्षा 10 की 7 से 11 मार्च तक निर्धारित सभी परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त 2, 5 और 6 मार्च को निर्धारित वे परीक्षाएं, जिन्हें पहले स्थगित किया गया था, अब पूर्णतः निरस्त मानी जाएंगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया और पद्धति की सूचना अलग से जारी की जाएगी। वहीं कक्षा 12 के संदर्भ में 7 मार्च को आयोजित होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है।

## खास खबर

### दिल्ली के रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास झुग्गियों में लगी आग

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। दिल्ली के रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास गुरवार सुबह झुग्गियों में आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग से 50 से अधिक झुग्गियां जलकर नष्ट हो गईं और आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देती रहीं। सूचना के बाद दमकल की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटीं। अग्निशमन विभाग के अधिकारी के मुताबिक इस घटना में अभी तक किसी के घायल होने या मौत की कोई खबर नहीं है। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के बाद से एक लड़की लापता है, जिसकी तलाशी के लिए अभियान जारी है। पुलिस के मुताबिक आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। झुग्गी-झोपड़ियों का यह समूह बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से आए प्रवासी मजदूरों का घर था, जो पास के कारखानों, निर्माण स्थलों और छोटे प्रतिष्ठानों में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते थे। इस घटना के बारे में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। इसके साथ ही दिल्ली के महरौली-बदरपुर रोड पर एक इलेक्ट्रिक बस में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। बस में अचानक धुआं उठता दिखा और कुछ ही देर में आग की लपटें निकलने लगीं।

### अमित शाह शुक्रवार को ओडिशा में सीआईएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को ओडिशा के मुंडली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार अमित शाह इस अवसर पर भुवनेश्वर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के नए परिसर का भूमिपूजन करेंगे और इसकी आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही वह एनएफएसयू के ट्रांजिट परिसर का वर्चुअल उद्घाटन भी करेंगे। गृह मंत्री एनएफएसयू परिसर के निकट स्थित केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) भुवनेश्वर का भी भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय गृह सचिव, एनएफएसयू के संस्थापक कुलपति और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इस दौरान शाह गृह मंत्रालय की विभिन्न पहलों के अंतर्गत पुलिस अवसंरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई पुलिस स्टेशन भवनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे तथा कई पुलिस स्टेशनों में कमांड एवं नियंत्रण और अन्य सुविधाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे। एनएफएसयू का भुवनेश्वर कैंपस राज्य में फोरेंसिक और जांच से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ओडिशा सरकार द्वारा आवंटित 40 एकड़ भूमि पर बनने वाले इस स्थायी परिसर को फोरेंसिक और संबद्ध विज्ञानों के उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। एनएफएसयू का यह अस्थायी परिसर तीन शैक्षणिक कार्यक्रमों—एमएससी फॉरेंसिक साइंस, एमएससी डिजिटल फॉरेंसिक्स और सूचना सुरक्षा तथा एलएलएम साइबर कानून एवं साइबर अपराध जांच के साथ अपना संचालन शुरू कर रहा है।

### रायसीना संवाद : फिनलैंड के राष्ट्रपति ने की भारत की विदेश नीति की प्रशंसा

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने गुरवार को दिल्ली में आयोजित रायसीना डॉयलॉग में भारत की विदेश नीति की प्रशंसा की और उसे व्यावहारिक और यथार्थवादी दृष्टिकोण पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को दिखाया है कि रणनीतिक सतर्कता और स्वायत्तता की रक्षा का क्या अर्थ होता है। साथ ही बहुपक्षवाद और वैश्विक सहयोग का भी समर्थन किया है। "अब समय आ गया है कि हम सभी थोड़ा-बहुत भारत की तरह बनें।" रायसीना डॉयलॉग भारत का प्रमुख वैश्विक भू-राजनीतिक सम्मेलन है। इसका आयोजन हर वर्ष नई दिल्ली में होता है। इसमें विभिन्न देशों के नेता, नीति-निर्माता, विद्वान और विशेषज्ञ अंतरराष्ट्रीय राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शाम नई दिल्ली में रायसीना संवाद के 11वें संस्करण का उद्घाटन किया। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत के इस प्रमुख सम्मेलन में मुख्य भाषण दिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति स्टब ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया और कहा कि फिनलैंड की खुशहाली और भारत के आशावाद को मिलाकर एक अधिक न्यायपूर्ण और स्थिर वैश्विक व्यवस्था का निर्माण किया जा सकता है। इसमें उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारत ने अपनी विदेश नीति को व्यावहारिक और यथार्थवादी दृष्टिकोण पर आधारित रखा है। इसे गुटनिरपेक्षता कहें या बहु-गठबंधन भारत ने किसी एक सहयोगी या गुट की सद्भावना पर पूरी तरह निर्भर न रहने का ध्यान रखा। अपनी सुरक्षा में निवेश किया है और कई दिशाओं में सक्रिय रूप से साझेदारी विकसित की। उन्होंने कहा, "वैश्विक शांतिरक्षा अभियानों में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक होने के नाते, बहुपक्षवाद की रक्षा करना आपके (भारत) के स्वभाव में निहित है।" राष्ट्रपति स्टब ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को यह दिखाया है कि निष्क्रियता कोई रणनीति नहीं होती। किसी औपचारिक सैन्य गठबंधन का हिस्सा न होते हुए भी भारत खुद को अलग-थलग नहीं रखता, बल्कि सक्रिय कूटनीतिक सहभागिता के जरिए अपनी भूमिका निभाता है। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने यूरोपीय संघ और भारत के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच विकसित हो रही साझेदारी वैश्विक स्तर पर एक उदाहरण बन सकती है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की पहल की सराहना की और कहा कि यदि एआई को साझा किया जाए तो यह पूरी दुनिया के लिए लाभकारी हो सकता है।

# सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने के लिए वैश्विक सहयोग जरूरीः जेपी नड्डा

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा गुरुवार को कहा कि भारत सर्वाइकल कैंसर को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने और वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन के लिए वैश्विक सहयोग बेहद जरूरी है। गुरुवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुख्यालय में वर्चुअल प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य और गरिमा भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने दोहराया कि भारत सरकार महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसे रोके जा सकने वाले रोगों से बचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

**सर्वाइकल कैंसर से निपटने के लिए बहु-आयामी रणनीति**:स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर वैश्विक स्तर पर और भारत में भी एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। इससे निपटने के लिए भारत सरकार ने रोकथाम, स्क्रीनिंग, प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार पर आधारित एक बहु-आयामी रणनीति अपनाई है। जेपी नड्डा कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान 90 दिनों की अवधि में चलाया जा रहा है और इसमें सिंगल-डोज शेड्यूल अपनाया गया है। इस अभियान में गर्दसिल क्वाड्रिवलेंट वैक्सीन



का उपयोग किया जा रहा है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत के तकनीकी सलाहकार समूह के सिफारिशों के अनुसार है। यह टीका देशभर के निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। नड्डा ने कहा कि इस पहल के समुदाय-केंद्रित स्वरूप पर जोर देते हुए कहा कि एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम पूरी तरह स्वैच्छिक है। इसमें माता-पिता की सहमति को अभियान का मुख्य आधार बनाया गया है, जो भारत में पारिवारिक स्वायत्तता और सामुदायिक मूल्यों के सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। हर टीकाकरण कार्यक्रम को यू -विन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज किया जाता है, जिससे रीयल-टाइम निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित होती है। वैक्सीन के स्टॉक और कोल्ड-चेन लॉजिस्टिक्स की निगरानी ईविन के माध्यम से की जाती है।

नड्डा ने कहा कि इस अभियान की सफलता में भारत के फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने दोहराया कि भारत सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन के लिए डब्ल्यूएचओ की वैश्विक रणनीति का पूर्ण समर्थन करता है, जिसमें 2030 तक के 90-70-90 लक्ष्य शामिल हैं। यानि 90 प्रतिशत लड़कियों को एचपीवी टीकाकरण

70 प्रतिशत महिलाओं की स्क्रीनिंग

और 90 प्रतिशत रोगियों को उचित उपचार सुनिश्चित किया जाना है।

इस मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेसियस ने भारत के एचपीवी टीकाकरण अभियान को दुनिया का सबसे बड़ा मुफ्त टीकाकरण अभियान बताया और इसे सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की सराहना की, जिसका लक्ष्य 1.2 करोड़ किशोरियों को टीका लगाना है।उन्होंने कहा कि भारत में हर साल लगभग 80,000 महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर से मृत्यु होती है और करीब 42,000 नए मामले सामने आते हैं, जिससे रोकथाम और प्रारंभिक स्क्रीनिंग की आवश्यकता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।


# प्रधानमंत्री मोदी 8 मार्च को दिल्ली मेट्रो की नई लाइनों का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ मार्च को दिल्ली में मेट्रो की दो नई लाइनों का उद्घाटन करेंगे और तीन नए कॉरिडोर का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं की कुल लागत 18,300 करोड़ रुपये से अधिक है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि इस अवसर पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के दो नए कॉरिडोर मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर (पिंक लाइन) और दीपाली चौक से मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) का उद्घाटन किया जाएगा। इसके साथ ही मेट्रो के फेज-5 (ए) के अंतर्गत तीन नए कॉरिडोर का शिलान्यास भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को और मजबूत बनाने के साथ ही यातायात दबाव और प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी। यह कार्यक्रम दिल्ली के डीडीए उत्सव स्थल-3 (निरंकारी मंडल के सामने) में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर तक 12.3 किलोमीटर लंबे सेक्शन में आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इसके शुरू होने से पिंक लाइन की कुल लंबाई लगभग 71.56 किलोमीटर हो जाएगी और दिल्ली को देश की पहली पूर्ण रूप से संचालित 'रिंग मेट्रो' मिलेगी। इसी तरह दीपाली चौक से मजलिस पार्क तक लगभग 9.92 किलोमीटर लंबे मैजेंटा लाइन विस्तार में सात एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इसके जुड़ने से मैजेंटा लाइन की कुल लंबाई करीब 49 किलोमीटर हो जाएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार इन कॉरिडोरों के निर्माण में कई महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धियां भी हासिल की गई हैं। दीपाली चौक–मजलिस पार्क कॉरिडोर का एक हिस्सा लगभग 28.36 मीटर की ऊंचाई तक जाता है, जो दिल्ली मेट्रो के सबसे ऊंचे एलिवेटेड सेक्शनों में से एक है। वहीं मजलिस पार्क–मौजपुर बाबरपुर कॉरिडोर के निर्माण के दौरान यमुना नदी पर एक नया पुल भी बनाया गया है और डबल-डेकर वायडक्ट तैयार किया गया है, जिसमें मेट्रो ट्रैक और सड़क फ्लाईओवर दोनों शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मेट्रो फेज-5 (ए) के तहत तीन नए कॉरिडोर का शिलान्यास भी करेंगे। इनमें रामकृष्ण आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर, एरोसिटी से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-1 तक गोल्डन लाइन विस्तार तथा तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक गोल्डन लाइन विस्तार शामिल हैं। रामकृष्ण आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक करीब 9.9 किलोमीटर लंबा सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर पूरी तरह भूमिगत होगा और इसमें नौ नए स्टेशन बनाए जाएंगे। यह कॉरिडोर इंडिया गेट, भारत मंडपम और केंद्रीय प्रशासनिक क्षेत्रों को मेट्रो कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के शहरों को भी लाभ मिलेगा। फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के यात्री वायलेट लाइन के माध्यम से तुगलकाबाद पहुंचकर गोल्डन लाइन से सीधे एयरपोर्ट तक यात्रा कर सकेंगे, जबकि नोएडा के यात्रियों को भी दक्षिण दिल्ली और एयरपोर्ट तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुरः** मंगलवार की देर रात नगर में एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया बताते चले की नगर निवासी 45 वर्षीय जबर सिंह प्रजापति एक आयुर्वेदिक कंपनी में डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में कार्यरत थे वह मंगलवार की रात हसनपुर बाईपास ताज गार्डन के पास अपनी बाइक से जा रहे थे तभी एक अज्ञात बाहन ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी की जबर सिंह सड़क पर गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबर सिंह अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे उनकी मौत से पत्नी ओमवती और दो बेटे वह एक बेटी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, सुबह तक होली की तैयारी में जुटा परिवार अब मातम में डूब गया है हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया, वहीं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुरुवार को अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है 1

### आयतुल्लाह सैयद अली हुसैनी खामेनेई की शहादत पर चौधरी मुशीर अली खान ने जताया गहरा दुख

**कहा-पूरी उम्मत-ए-मुस्लिम के लिए बड़ा नुकसान, अल्लाह से की मरहूम के लिए जन्नत-उल-फिरदौस की दुआ**



**लोकतंत्र की शान : सैय्यद कुमैल ज़ैदी : सम्भल।** मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन के वरिष्ठ नेता चौधरी मुशीर अली खान ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद अली हुसैनी खामेनेई की शहादत पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे पूरी उम्मत-ए-मुस्लिम के लिए एक बड़ा नुकसान बताया। चौधरी मुशीर अली खान ने अपने शोक संदेश में कहा कि आयतुल्लाह सैयद अली हुसैनी खामेनेई ने अपनी पूरी जिंदगी इस्लाम, इंसाफ और मजलूमों के हक़ की आवाज़ बुलंद करने में गुजारी। उनकी शहादत से मुसलमानों के दिलों में गहरा दुख और शोक की लहर है। उन्होंने कहा कि खामेनेई साहब की सेवाओं और उनके संघर्ष को हमेशा याद रखा जाएगा। उनकी शख्सियत पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए हिम्मत और रहनुमाई का जरिया थी। अंत में चौधरी मुशीर अली खान ने अल्लाह तआला से दुआ की कि मरहूम को जन्नत-उल-फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और उनके चाहने वालों को सब्र-ए-जमील अता करे।

### प्रदेश के 3300 से अधिक किसानों को मिलेंगे कृषि यंत्र

**लोकतंत्र की शान : लखनऊः** योगी सरकार होली के उपरांत 3300 से अधिक किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र देगी। इसका लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिन्होंने 4 मार्च तक कृषि विभाग की वेबसाइट www.agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया है। जिन जनपदों में लक्ष्य से अधिक आवेदन मिले हैं, सिर्फ वहीं शुक्रवार को ई लाटरी से चयन होगा।

**सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत 2519 किसानों को दिए जाएंगे यंत्र**-कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत फार्म मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन, अन्य एकल कृषि यंत्र के तहत 2519 तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना के अंतर्गत 800 किसानों को कृषि यंत्र मिलेंगे।

**10 दिन के भीतर अपलोड करनी होगी रसीद व फोटो**-कृषि यंत्रों से जुड़ी समस्त जानकारी व अनुदान प्रक्रिया वेबसाइट पर उपलब्ध है। लाभार्थियों का चयन/बुकिंग टोकन कन्फर्म होने की तिथि से कृषि यंत्र खरीद कर उसकी रसीद व फोटो 10 दिन के भीतर www.agridarshan.up.gov.in या upyantratraking.in अपलोड करना होगा।

### होली त्यौहार पर गोंडा जिले के विभिन्न स्थानों पर हुआ हादसा और मारपीट

**लोक तंत्र की शान : गोण्डा।** जिले में होली के त्योहार पर हादसों व मारपीट की घटनाओं में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गोंडा मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में शाम 7 बजे तक कुल 62 मामले सामने आने की जानकारी मिली, जिनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड मरीजों से भर गए हैं। इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर दीपक सिंह ने बताया कि इन 62 मामलों में से 35 मारपीट के और 27 दुर्घटना के थे। कर्नलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 40 वर्षीय व्यक्ति की इन घटनाओं में जान चली गई। इसी बीच, गोण्डा-बहराइच मार्ग पर मल्लापुर के पास एक बाइक और टेंपो की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान संदीप चौहान उर्फ राजू (25), निवासी सबलपुर मथुरा चौबे, नगर कोतवाली थाना क्षेत्र, और उनके जीजा गौतम चौहान (30), निवासी बाबागंज धानेपुर थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। दोनों बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से वे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से गोण्डा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। परिजनों ने देहात कोतवाली पहुंचकर अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दी है। इस संबंध में कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# रोटरी क्लब "आकर्षण" द्वारा होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** बुधवार को नगर में होली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया जिसके चलते सबसे पहले नगर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित होलिका दहन हुआ उसके बाद नगर में रंगों की होली खेली गई, वहीं सनातन जागरण मंच द्वारा नगर में रंग भरी यात्रा निकाली गई उधर रात्रि की बेला में नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट स्थित रामलीला मैदान में रोटरी क्लब आकर्षण हसनपुर द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे विधायक एवं विशिष्ट अतिथि तथा रोटरी क्लब आकर्षण के डायरेक्टर हसनपुर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी का क्लब के लोगों ने पगड़ी पहनकर एवं पटका पहनकर स्वागत किया, वही कार्यक्रम में विभिन्न अतिथियों का भी स्वागत किया गया, कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों द्वारा सर्वप्रथम गणेश वंदना की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई उसके उपरांत कलाकारों द्वारा शिव तांडव, मयूर नृत्य एवं सुंदर-सुंदर भजनों पर धार्मिक भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया जिन्हें देखकर भारी संख्या में उपस्थित जनसमूह झूमने पर विवश हो गया, कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब आकर्षण के अध्यक्ष आदेश अग्रवाल द्वारा किया गया, इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने चुटकुले एवं कविताएं सुनाई, इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने सभी होली की शुभकामनाएं दी तथा पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए होली की शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी, पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल बैंक वाले, संजय गर्ग एवं सनातन जागरण मंच के संयोजक दिनेश अग्रवाल जय भोले वाले, अतुल शर्मा, शिवसेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव, संजय सहदेव, संजय शर्मा, राजीव अग्रवाल सर्राफ, पुनीत गुप्ता, कुलभूषण सक्सेना, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री मुकेश गोयल, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व नगर अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, पवन राज जाटव, तुषित गुप्ता, अजय अग्रवाल, कमल अग्रवाल, रवि यादव, राजेंद्र यादव, संगीता अग्रवाल आदि सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे 1

## हासपुर कोतवाली पुलिस द्वारा जमकर खेली गई होली, जमकर उड़ा अबीर, गुलाल




लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** गुरुवार को कोतवाली परिसर में पुलिस कर्मियों ने धूमधाम के साथ होली का त्यौहार मनाया, ड्यूटी पर रहने वाले पुलिसकर्मियों ने मुख्य पर्व शांतिपूर्ण रूप से संपन्न होने के बाद यह उत्सव मनाया, सुबह से ही कोतवाली परिसर में होली उत्सव का माहौल बना हुआ था पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की , दी भाई जी पर जमकर नृत्य किया पुलिस कर्मियों के साथ अधिकारियों ने भी जमकर नृत्य किया इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने सभी पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाई एवं भाईचारे का संदेश दिया, इंस्पेक्टर राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस विभाग की जिम्मेदारियां के चलते ड्यूटी पर जाना पड़ता है उन्होंने कहा कि होली ऐसा त्यौहार होता है जिसमें दो दिन की कई ड्यूटी और सुरक्षा व्यवस्था संभालने के बाद इस दिन पुलिसकर्मी आपस में होली मनाते हैं इस हर्षोल्लास भरे आयोजन के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में कोई डीलाई नहीं बरती गई, कस्बे के साथ-साथ और आसपास के इलाकों में आम नागरिक की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा,

# शेखूपुर झकड़ी में वार्षिक होली मेले का विधायक ने किया शुभारंभ

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** बुधवार को क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर झकड़ी में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली के पावन अवसर पर मेले का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर में बाबा के थान पर प्रसाद चढ़कर जात लगवा कर मन्नत मांगी, बुधवार को लगे मेले का शुभारंभ विधायक द्वारा फीता काटकर किया गया, वार्षिक होली मिले का आयोजन स्वामी रामप्रसाद उदासीन ट्रस्ट द्वारा किया जाता है, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को विशाल मेले का आयोजन हुआ जिसमें विधायक महेंद्र सिंह ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया, आसपास के गांव से तथा नगर से भारी संख्या में श्रद्धालु गण पहुंचते हैं और मेले में बाबा लाल सिंह जी के मंदिर में प्रसाद चढ़कर मनोकामनाएं मांगते हैं वहीं मेले में महिलाओं ने सौंदर्य प्रशाधन की सामग्री खरीदी जबकि बच्चों ने झूले का आनंद लिया, उधर सुरक्षा व्यवस्था के चलते मेले में भारी पुलिस बल तैनात रहा, मंदिर के पुजारी महामंडलेश्वर कपिल मुनि ने बताया कि यह वार्षिक मेला है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं,और उनकी मन्नत पूरी होती है, इस अवसर पर कपिल मुनि महाराज, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री संजय राना, मंडल प्रतिनिधि पवन राज जाटव, केशव मुनि जी, कृष्णा मुनि जी, विक्रम महंत, लवकेश महंत, वेद प्रकाश, पूर्व प्रधान पीतम सिंह, राकेश चौहान, सुभाष सिंह, भरत मास्टर, सूरजचंद, सतवीर सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह, हरिओम सिंह, लव कुश कुमार एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे 1

# जैसे कपिल देव को देखकर ही पाकिस्तान आधा मैच हार जाता था, वैसे ही डॉक्टर के व्यवहार से आधी बीमारी हार जाती हैः सीएम योगी

लोक तंत्र की शान



**ग्रेटर नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में केडीएसजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास और मानवीय व्यवहार की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक मरीज डॉक्टर के पास बड़े विश्वास के साथ जाता है। उसके लिए पैसा सबसे बड़ा मुद्दा नहीं होता, बल्कि डॉक्टर के व्यवहार और उसकी सलाह पर भरोसा अधिक महत्वपूर्ण होता है। डॉक्टर का अच्छा व्यवहार मरीज की आधी से अधिक बीमारी को समाप्त कर देता है। इस बात को समझाने के लिए मुख्यमंत्री ने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि जब भारत की क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में कपिल देव गेंदबाजी करते थे या टीम का नेतृत्व करते थे, तो पाकिस्तान की टीम आधा मैच वहीं हार जाती थी। इसी तरह यदि बीमारी की तुलना पाकिस्तान से की जाए और डॉक्टर को कपिल देव के रूप में देखा जाए, तो मरीज डॉक्टर को देखकर ही आधी लड़ाई जीत लेता है।

**डॉक्टर पर विश्वास हो तो दवा भी असर करती है और दुआ भी**-मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जब मरीज को डॉक्टर पर विश्वास हो जाता है तो बीमारी के खिलाफ उसकी मानसिक शक्ति बढ़ जाती है। इसके बाद दवा भी असर करती है और दुआ भी काम करती है। डॉक्टर को दुआ मिलती है और मरीज को सही दवा मिलने पर वह जल्दी स्वस्थ हो जाता है। इससे अस्पताल की प्रतिष्ठा भी बढ़ती है और डॉक्टर का सम्मान भी। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में उठाए जा रहे कदमों के बारे में कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को बिना भेदभाव पांच लाख रुपये तक की कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे लाखों लोगों को राहत मिल रही है।

# उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने ग्रेटर नोएडा में 300 बेड वाले केडीएसजी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

लोक तंत्र की शान




**गौतम बुद्ध नगरः** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) के सेक्टर-10 में 300 बेड वाले फुल स्पेक्ट्रम टर्शरी केयर प्रदान करने वाले केडीएसजी सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल का रिबन काटकर विधिवत् रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान मा0 मुख्यमंत्री जी ने अस्पताल में स्थापित अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। यह अस्पताल एन0सी0आर0 में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और तेजी से विकसित हो रहे शहरी इलाकों में उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह अस्पताल भारत की 1983 विश्व कप विजेता क्रिकेट टीम के कप्तान कपिलदेव और उद्योगपति सुनील कुमार गुप्ता द्वारा स्थापित किया गया है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने भारत के गौरव, जिनके नेतृत्व में देश ने विश्व कप जीता, ऐसे महान क्रिकेटर कपिल देव जी को और उद्योगपति सुनील कुमार गुप्ता जी सहित उनके पूरे समूह को, इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना के लिए हृदय से बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध नगर जनपद के ग्रेटर नोएडा में इस अत्याधुनिक अस्पताल की स्थापना से केवल इस जनपद के नागरिकों को ही नहीं, बल्कि आसपास के अन्य जनपदों और पूरे एनसीआर क्षेत्र के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त होंगी। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ प्रारंभ हुई हैं, जिनमें से आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के करोड़ों गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है। आज देश में लगभग 60 करोड़ से अधिक लोग इस योजना का लाभ ले रहे हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश इस योजना के क्रियान्वयन में देश का अग्रणी राज्य बना है। उत्तर प्रदेश में अब तक 05 करोड़ 60 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। जो भी व्यक्ति पात्रता सूची में आता है, वह किसी भी सूचीबद्ध सरकारी या निजी अस्पताल में जाकर इस योजना के तहत उपचार प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा की परिभाषा केवल आधुनिक सुविधाओं से नहीं, बल्कि सस्ती, सुलभ और विश्वसनीय सेवा से होनी चाहिए। मरीज को सही उपचार मिले, किसी प्रकार की अनियमितता या शोषण न हो, और उसे डॉक्टर तथा अस्पताल पर पूरा विश्वास हो। उन्होंने कहा जब कोई मरीज डॉक्टर के पास आता है तो वह एक विश्वास के साथ आता है, डॉक्टर का व्यवहार, उसकी सलाह और उसका आचरण मरीज के मनोबल को बढ़ाता है। कई बार डॉक्टर का अच्छा व्यवहार ही मरीज की आधी बीमारी समाप्त कर देता है। स्वास्थ्य सेवा में दवा और दुआ, दोनों का महत्व होता है। जब डॉक्टर समर्पण से सेवा करते हैं तो उन्हें मरीजों की दुआ मिलती है और मरीज को सही दवा मिलने से वह शीघ्र स्वस्थ होता है। इससे अस्पताल और डॉक्टर दोनों की प्रतिष्ठा बढ़ती है।

## होली के अवसर पर संजय कुमार यादव को मुस्लिम समाज ने उनका स्वागत सम्मान और सत्कार किया तथा मिलकर होली की बधाई दी

**भागुवाला के इंचार्ज संजय यादव वह उनके समस्त पुलिस स्टाफ ने बड़े हर्षउल्लास उमंग के साथ होली का त्योहार मनाया**



लोक तंत्र की शान

**नजीबाबाद :** नजीबाबाद के थाना मंडावली क्षेत्र की पुलिस चौकी भागुवाला के इंचार्ज संजय यादव वह उनके समस्त पुलिस स्टाफ ने बड़े हर्षउल्लास उमंग के साथ होली का त्योहार मनाया,सभी जमक नाचे झूमे ओर एक दूसरे को शुभकामनाएं संप्रेषित की व एक दुसरो को रंग लगाकर होली मनाई। संजय कुमार यादव की कार्यप्रणाली क्षेत्र में सराही जाती है और सभी वर्ग के लोग उनको पसंद करते हैं आज होली के अवसर पर मुस्लिम समाज ने उनका स्वागत सम्मान और सत्कार किया तथा मिलकर होली की बधाई दी।

# आयुक्त ने वृद्धाश्रम, वन स्टॉप सेंटर व बाल देखरेख संस्थान में मनाई होली,बांटी खुशियां

**» महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों के साथ रंग-गुलाल खेलकर आयुक्त ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश**

लोक तंत्र की शान





**गोण्डा।** होली के पावन पर्व पर देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपनी धर्मपत्नी गरिमा भूषण एवं सुपुत्र के साथ वन स्टॉप सेंटर, वृद्धाश्रम तथा बाल देखरेख संस्थान पहुंचकर वहां रह रहे वृद्धजनों, महिलाओं और बच्चों के साथ होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर आयुक्त ने सभी के साथ रंग-गुलाल खेलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं और आत्मीयता के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। आयुक्त सबसे पहले वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने वहां रह रहे वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से वृद्धजनों को गुझिया खिलाई और रंग लगाकर होली की बधाई दी। आयुक्त के इस स्नेहपूर्ण व्यवहार से वृद्धजन भावुक हो उठे और उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद आयुक्त बाल देखरेख संस्थान पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों के साथ भी होली का त्योहार मनाया। बच्चों ने आयुक्त और उनके परिवार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर आयुक्त ने बच्चों को अल्पाहार वितरित किया तथा रंग-गुलाल लगाकर उनके साथ होली की खुशियां बांटी। बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ त्योहार का आनंद लिया और परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा। आयुक्त ने वन स्टॉप सेंटर पहुंचकर वहां रह रही महिलाओं से भी मुलाकात की और उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने महिलाओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। आयुक्त ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें सभी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर प्रेम, सौहार्द और उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया।

# गोंडा-लखनऊ हाईवे पर दर्दनाक हादसा

**» अधेड़ की मौत, अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा**

लोक तंत्र की शान





**कर्नलगंज, गोण्डा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोंडा-लखनऊ हाईवे पर बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को परिजन गोंडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।<प्राप्त जानकारी के अनुसार चौरी चौराहे से मैजापुर के बीच बटौरा शिव शंकर पुरवा नहर के पास एक अज्ञात चौपहिया वाहन ने राहगीर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और परिजनों को सूचना दी गई। बताया जाता है कि एंबुलेंस को सूचना दी गई थी, लेकिन समय पर एंबुलेंस न पहुंचने के कारण परिजन घायल को मोटरसाइकिल से ही तत्काल गोंडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान परसा गोड़री ग्राम पंचायत के दर्शन तिवारी पुरवा निवासी बृजेश तिवारी उर्फ मुन्नू, पुत्र नकछेद तिवारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक अविवाहित थे और उनके कोई बच्चे नहीं थे। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने गोंडा-लखनऊ हाईवे पर लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर चिंता जताई है। लोगों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना-गया रेलखंड पर अज्ञात शव मिला, शुरुआती जांच में ट्रेन से गिरने की आशंका

**लोकतंत्र की शान : पटना।** गुरुवार को मसौढ़ी में पटना-गया रेलखंड पर गोपालपुर मठ के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों की सूचना पर मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार, शव रेलवे ट्रैक के समीप पड़ा मिला, जिससे यह दुर्घटना बीती रात की प्रतीत हो रही है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह किस ट्रेन से गिरा। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। मृतक ने नीले रंग की जींस और हाफ चेक शर्ट पहन रखी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौढ़ी थाना प्रभारी विवेक भारती ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### पीएमसीएच के 30 जूनियर डॉक्टर्स पर केस दर्ज, नशे में मरीज और उनके परिजन से मारपीट

**लोकतंत्र की शान : पटना।** पीएमसीएच में कार्यरत और पढ़ रहे 25-30 जूनियर डॉक्टर्स के खिलाफ पटना के पीरबहोर थाने में केस रजिस्टर्ड हुआ है। इन सभी पर नशे में मारपीट करने और मोबाइल, ट्रॉली बैग छीनने का आरोप पेशेंट ने लगाए हैं। दरअसल मधुबनी के रहने वाले राहुल कुमार मिश्राक(31) ट्रेन से सफर कर रहे थे। इसी दौरान अथमलगोला के पास बीते 2 मार्च को उनके साथ मारपीट की घटना हुई थी। इस घटना में राहुल और उनके भाई सोनू घायल हो गए। उनका प्रारंभिक इलाज बाढ़ अनुमंडल के अस्पताल में कराया गया। इसके बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया।




राहुल ने बताया कि 3 मार्च को 11:15 बजे सुबह में PMCH आए। सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टर के द्वारा सीटी स्कैन बाहर से करने के लिए कहा गया। मैं इस पर कहा कि पुर्जा पर लिखकर दे दीजिए, यहां नहीं होगा। तो फिर मैं बाहर से करा लूंगा। इसी को लेकर बहस होने लगी। इस बात से डॉक्टर्स और गार्ड इतने गुस्से में आ गए कि मुझे, मेरी मां, मेरे भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। गालियां देने लगें। जैसे तैसे हम लोग वहां से निकलकर बाहर जान बचाकर भाग रहे थे। इसी बीच मरीन ड्राइव की ओर बाहर निकलने वाले रास्ते के पास PMCH कैंपस में तीनों भाइयों को गार्ड और 25 से 30 जूनियर डॉक्टर्स ने घेर लिया और बुरी तरह से मारने पीटने लगे।

### बिहटा निजी कंपनी में गार्ड सुपरवाइजर की मौत परिजनों ने प्रबंधन पर लगाया हत्या का आरोप

**लोकतंत्र की शान : पटना।** बिहटा थाना क्षेत्र के महमदपुर पैनाल स्थित ओम करगटेड पैक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत गार्ड सिक्योरिटी सुपरवाइजर रणविजय कुमार सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वैशाली जिले के विदुपुर थाना क्षेत्र के खिलवत गांव निवासी रणविजय के परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर हत्या का आरोप लगाया है। बिहटा पुलिस ने इस मामले में कंपनी के दो प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक के छोटे भाई विजय कुमार सिंह ने बिहटा थाना में कंपनी प्रबंधन के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित आवेदन दिया है। कंपनी के कर्मचारियों ने परिजनों को बताया कि



रणविजय कुमार की मौत छत से गिरने के कारण हुई है। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि उन्हें घटना की स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे उन्हें हत्या की आशंका है। परिजनों के अनुसार, रणविजय कुमार पिछले करीब तीन वर्षों से कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। बुधवार शाम से ही वह कंपनी परिसर में मौजूद थे। कंपनी के एक स्टाफ सौरभ कुमार झा ने परिजनों को फोन कर रणविजय की गंभीर तबीयत की सूचना दी थी। मृतक के भाई विजय कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब चार बजे उन्हें भाई की नाजुक हालत की जानकारी मिली। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो रास्ते में ही उन्हें रणविजय कुमार का शव सौंप दिया गया। रणविजय कुमार शादीशुदा थे और उनके परिवार में पत्नी और एक छोटी बच्ची है। दानापुर एसडीपीओ 2 अमरेंद्र कुमार झा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि ओम करगटेड पैक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत एक व्यक्ति की छत से गिरकर मौत हुई है। पीड़ित परिवार की ओर से आवेदन दिया गया है और प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### होली पर युवक की गोली मारकर हत्या, परिजन ने हाजीपुर-महनार रोड किया जाम

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के दाउदनगर गांव में होली के दिन युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही मृतक का शव गांव पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों ने हाजीपुर-महनार मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से करीब एक घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस के समझाने-बुझाने और जल्द कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया, जिसके बाद यातायात फिर से सामान्य हो सका। जानकारी के अनुसार बुधवार को हुई वारदात के बाद गुरुवार देर रात जब पोस्टमार्टम के बाद मृतक रंजीत दास का शव उसके घर पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजन और ग्रामीण शव को लेकर हाजीपुर-महनार मुख्य मार्ग पर पहुंच गए और हनुमान मंदिर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोग हत्या के आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। अचानक हुए सड़क जाम से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क जाम की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना अध्यक्ष रवि प्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया और जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। करीब एक घंटे तक चली बातचीत के बाद पुलिस के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। इसके बाद सड़क पर आवागमन फिर से सामान्य हो सका। मृतक की पहचान दाउदनगर गांव निवासी चंदेश्वर दास के पुत्र रंजीत दास के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार को रंजीत गांव में ही कुछ लोगों के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान आरोपी राजेश सिंह वहां पहुंचा और उनके साथ बैठ गया। बताया जा रहा है कि कुछ देर बातचीत के बाद उसने अचानक रंजीत पर गोली चला दी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत घायल रंजीत को इलाज के लिए बिदुपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालांकि डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार और गांव में मातम छा गया।

### ट्रक-बाइक की टक्कर, युवक की मौत, हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा, पुलिस ने 2 घंटे बाद हटाया जाम

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली जिले में हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग संख्या 22 पर सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। यह घटना एक ट्रक और बाइक की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुई। मृतक की पहचान भगवानपुर निवासी अजय पटेल के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक, बाइक सवार अजय पटेल कथित तौर पर गलत दिशा से आ रहा था और नशे में था। इसी दौरान उसकी बाइक की सामने से आ रहे एक ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया।

# मोकामा में ग्रामीणों-सीआरपीएफ के बीच झड़प, 8 लोग घायल

## डीआईजी ने कहा- दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों पर होगी कार्रवाई

**लोकतंत्र की शान , पटना**

पटना में मोकामा के औंटा गांव में ग्रामीणों और सीआरपीएफ जवानों के बीच गुरूवार को हिंसक झड़प हो गई , जिसमें दोनों ओर के करीब 8 लोग घायल हो गए । वहीं घटना के बाद सूचना मिलने पर डीआईजी रवींद्र कुमार भगत और एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचे और जाचं का आश्वासन दिया।



**CRPF पर दरवाजा और खिड़कियां तोड़ने का आरोपः** इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कुछ लोग CRPF कैंप के पास होली खेल रहे थे इसी दौरान CRPF के जवानों ने उनके साथ मारपीट की और गांव में घुस कर घरों के दरवाजे , खिड़कियां तोड़ दी। ग्रामीणों ने जवानों पर महिलाओं और बच्चों के साथ भी मारपीट करने का आरोप लगाया।

**दोनों पक्षों का बयान दर्जः** घटनास्थल पर पहुंचे डीआईजी रवींद्र कुमार भगत ने ग्रामीणों से बात की। उन्होंने कहा कि जांच टीम ग्रामीणों और सीआरपीएफ जवानों, दोनों के बयानों को दर्ज करेगी। उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जो भी सच्चाई सामने आएगी, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गलती चाहे ग्रामीणों की हो या सीआरपीएफ के जवानों की, दोषी पाए जाने पर सजा भुगतनी होगी।

CRPF ने क्या कहा इस पूरे मामले को लेकर CRPF के जवानों का कहना है कि होली के दिन गांव के लोगों ने सादी वर्दी में घूम रहे जवानों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की थी। जिसके बाद हम हाथीदह थाने की पुलिस के साथ उन लोगों को पकड़ने के लिए पकड़ने के लिए गांव में घुसे थे।

**पीड़ितों से मिले अधिकारीः** जांच के दौरान अधिकारी केवल मुख्य सड़कों तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने औंटा गांव के प्रभावित घरों में जाकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने उन घरों का निरीक्षण किया जहां जवानों द्वारा तोड़फोड़ या मारपीट के आरोप लगाए गए थे। डीआईजी ने पीड़ित महिलाओं और पुरुषों की बात सुनी और उनके घावों और नुकसान को बारीकी से देखा।

**DIG ने क्या कहाः** डीआईजी रविंद्र भगत ने बताया कि कुछ लोगों को CRPF कैंप के पास नशेबाजी करने से रोका गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने गेट पर हंगामा किया और गाली गलौज की। वहीं उन्होंने जाचं का आश्वासन दिया है।

### बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री Nitish Kumar जी को राज्यसभा चुनाव 2026 हेतु जनता दल (यूनाइटेड) से उम्मीदवार बनाए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं




**लोकतंत्र की शान, पटना**

आपका राजनीतिक अनुभव, दूरदर्शी नेतृत्व और सुशासन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने बिहार को नई दिशा और नई पहचान प्रदान की है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक न्याय के क्षेत्र में आपके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्य राज्य के समग्र विकास की मजबूत नींव बने हैं। आपके नेतृत्व में बिहार ने विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। राज्यसभा के लिए आपका नामांकन न केवल जद(यू) के लिए, बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप अपनी सशक्त विचारधारा, अनुभव और नीतिगत दृष्टिकोण से राष्ट्रीय स्तर पर भी बिहार की आवाज़ को मजबूती प्रदान करेंगे तथा राज्य के हितों की प्रभावी पैरवी करेंगे। आपके द्वारा बिहार के विकास में दिए गए अमूल्य योगदान हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा की शक्ति प्रदान करें, ताकि आपके नेतृत्व में बिहार प्रगति और समृद्धि के पथ पर निरंतर अग्रसर होता रहे।

## पिपलावां में नहर पथ पर बाइक हादसा, युवक की मौके पर मौत

**लोकतंत्र की शान , पटना**

पीपलावां थाना क्षेत्र के बिक्रम-नौबतपुर नहर पथ पर बुधवार शाम करीब 7:30 बजे एक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रानीतालाब थाना क्षेत्र के सेलगढ़ निवासी आनंद विशाल (27 वर्ष) के रूप में हुई है। वह विजय कुमार के इकलौते पुत्र थे। जानकारी के अनुसार, आनंद विशाल पटना में कैब चलाते थे। बुधवार शाम वह अपने घर पर दोस्तों के साथ होली खेलने के बाद पटना जाने के लिए अपनी R15 बाइक से निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक तेज रफ्तार में थी।

फरीदपुरा के पास अचानक बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर से युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और



**दोस्तों के साथ होली खेलने के बाद पटना जाते वक्त हुई दुर्घटना**

पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पीपलावां थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पीपलावां थाना के अपर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि परिजनों को सूचित कर दिया गया है और वे मौके पर पहुंच गए हैं। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। इकलौते पुत्र की असामयिक मृत्यु से परिवार में मातम छा गया है।

## जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक, जनकल्याणकारी योजनाओं व शिक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर

**लोकतंत्र की शान, सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाता**

जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में श्रम संसाधन विभाग, जिला कल्याण कार्यालय, जिला उद्योग केंद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, नगर निगम, नगर पंचायत एवं नगर परिषद सहित अन्य संबंधित विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



**सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर फोकस, साप्ताहिक जांच परीक्षा के निर्देश**-इसी दिन जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों एवं शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ एक अलग बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु चल रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने साप्ताहिक जांच परीक्षा के नियमित संचालन का निर्देश दिया, ताकि छात्रों की शैक्षणिक प्रगति का सतत मूल्यांकन हो सके। साथ ही, खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी सरकारी विद्यालयों को पंचायत स्तर पर निर्मित खेल मैदानों से संबद्ध करने तथा खेल सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिला शिक्षा कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

## सिमरी बख्तियारपुर में होलिका दहन व होली मिलन समारोह की धूम, जनसंवाद और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उमड़ी सहभागिता

**लोकतंत्र की शान, सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाता**

देर रात्रि सिमरी बख्तियारपुर में आयोजित होलिका दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर पर्व की गरिमा साझा करते हुए उपस्थित जनों ने होलिका दहन को सत्य, साहस और धर्म की विजय का प्रतीक बताया, जो समाज को अन्याय और असत्य के विरुद्ध दृढ़ रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास, सामाजिक एकता एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर आत्मीय संवाद भी हुआ। उपस्थित लोगों ने आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में भारौली स्थित आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में सम्मानित साथियों, मित्रों एवं सिमरी बख्तियारपुर क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को भव्य और यादगार बना दिया। रंगों के इस पावन पर्व पर आत्मीय मुलाकात और संवाद का अवसर प्राप्त कर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सभी ने एकता, सौहार्द और विकास के पथ पर





निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं, सडीहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य श्री राहुल कुमार सिंह के पूज्य पिता के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उनके संपिंडन कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की गई। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। इसके अतिरिक्त, सिमरी बख्तियारपुर क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर पंचायत के लोकप्रिय मुखिया श्री संजीव कुमार जेशवाल के आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह सह उनके 35वें वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर भी लोगों ने सहभागिता की। इस विशेष अवसर पर उन्हें सफल वैवाहिक जीवन की 35 वर्षों की यात्रा पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। साथ ही, उनके निरंतर जनसेवा एवं पंचायत के विकास में योगदान की सराहना की गई। समारोहों के माध्यम से क्षेत्र में उत्सव, सामाजिक समरसता और जनसहभागिता का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

## तेज रफ्तार कार ने 4 वर्षीय बच्ची को कुचला, मौत

**लोकतंत्र की शान , पटना**

पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र में होली की शाम एक सड़क हादसे में चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। छोटी पहाड़ी मोहल्ले में सड़क किनारे खेल रही बच्ची को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कार में सवार एक व्यक्ति की पिटाई की और वाहन में तोड़फोड़ की। मृतका की पहचान गुलजान परवीन (4 वर्ष) के रूप में हुई है।

**सड़क किनारे खेल रही थी बच्चीः** वह अपने पिता मोहम्मद फैयाज हसन के साथ छोटी पहाड़ी स्थित किराये के मकान में रहती थी। मोहम्मद फैयाज हसन मूल रूप से मधेपुरा के निवासी हैं और पटना में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बताया गया कि होली के अवसर पर मोहल्ले में बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक एक कार ने सड़क किनारे



खेल रही गुलजान परवीन को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना गंभीर था कि बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।

**गुस्साई भीड़ ने एक कार सवार को पीटाः** घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने कार को पकड़ लिया और उसमें सवार एक व्यक्ति, जिसकी पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है, जिसकी जमकर पिटाई कर दी। हालांकि, कार चला रहा चालक सूरज कुमार मौके से फरार हो गया। आक्रोशित भीड़ ने गाड़ी में भी तोड़फोड़ की और हंगामा किया।

## 6 महीने से इंसेंटिव नहीं मिलने से परेशान आशा कार्यकर्ता

**लोकतंत्र की शान , पटना**

पटना के फुलवारी शरीफ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) फुलवारी शरीफ में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं को पिछले छह महीनों से प्रोत्साहन राशि (इंसेंटिव) का भुगतान नहीं हुआ है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ा है। उन्हें परिवार चलाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

आशा कार्यकर्ताओं संगीता देवी, रूबी कुमारी, शमा प्रवीण और गायत्री देवी समेत कई अन्य ने बताया कि प्रोत्साहन राशि न मिलने के कारण उनके त्योहार भी फीके पड़ गए हैं। दशहरा, दिवाली और छठ पूजा के बाद अब होली का त्योहार भी बिना भुगतान के गुजर गया। उन्होंने कहा कि समय पर पैसे न मिलने से दैनिक



खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है।


**स्वास्थ्य सेवाओं की अहम कड़ी हैं आशा कार्यकर्ताः** आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती हैं। वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं की देखभाल, अस्पताल में प्रसव कराने, बच्चों के टीकाकरण, परिवार नियोजन और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को आम लोगों तक पहुँचाने की जिम्मेदारी निभाती हैं।

## 10 मार्च को हो सकती है बारिश, 5 जिलों में बिजली-ओले गिरने के आसार

**लोकतंत्र की शान , पटना**

बिहार में मार्च में ही अप्रैल जैसी गर्मी पड़ने लगी है। बीते 24 घंटे के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार अगले एक सप्ताह के दौरान ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। मौसम शुष्क रहेगा। चिलचिलाती धूप के चलते दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल होगा। पिछले 24 घंटे में राज्य का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान बांका में 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना, मुजफ्फरपुर, गया समेत राज्य के अन्य शहरों में गर्मी ज्यादा महसूस हो रही है। ग्रामीण इलाकों में रात से सुबह तक हल्की ठंडक है।

सबसे कम न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस औरंगाबाद में दर्ज किया गया। राज्य का



न्यूनतम तापमान 13.3 से 19.8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस साल लू वाले दिनों की संख्या ज्यादा रह सकती है। मई के बदले अप्रैल से ही लू चलने की आशंका है। अगले एक सप्ताह में बिहार का मौसम कैसा रहेगा? इस साल गर्मी कितनी पड़ेगी? मानसून कैसा रहेगा?

IMD के अनुसार अगले 6 दिनों तक बिहार में मौसम शुष्क बना रहेगा। इसके बाद सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जिले में एक या दो स्थानों पर बारिश हो सकती है। अगले 48 घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों के अधिकतम तापमान में 1-3°C की वृद्धि होगी। वहीं, अगले 48 घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों के न्यूनतम तापमान में 2-4°C की वृद्धि होगी। एक सप्ताह में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर पहुंच सकता है। IMD ने 5 मार्च से 9 मार्च 2026 तक के लिए राज्य के किसी भी जिले के लिए मौसम संबंधी कोई चेतावनी जारी नहीं की है। 10 मार्च को सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में एक या दो स्थानों पर बारिश होने और बिजली गिरने की संभावना है। हवा की रफ्तार 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

संक्षिप्त समाचार

## अर्जुन सिंह की स्मृति में पुष्पांजलि कार्यक्रम आज चुरहट के राव सागर स्थित समाधि पर जुटेंगे कांग्रेसजन



**लोकतंत्र की शान सीधी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और विंध्य की माटी के सपूत स्व. अर्जुन सिंह की बरसी पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 6 मार्च को सीधी जिले के चुरहट में राव सागर स्थित उनकी समाधि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यहां हर साल इस दिन अपने दाऊ सा. का पुण्य स्मरण करने के लिए प्रदेश भर से बड़ी संख्या में उनके अनुयायियों, कांग्रेसजनों और विंध्यवासियों की भीड़ जुटती है। सुबह साढ़े नौ बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में उनके बेटे और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया उपस्थित रहेंगे।

## सोनीपतःघरेलू विवाद में पति ने पत्नी को चाकू मारकर किया घायल

**लोकतंत्र की शान : सोनीपत।** सोनीपत शहर में धुलेंडी के दिन एक परिवार के भीतर हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा। पति-पत्नी के बीच शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि गुस्से में पति ने रसोई से सब्जी काटने वाला चाकू उठाकर पत्नी के पेट पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को आसपास के लोगों की मदद से नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर खानपुर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। फिलहाल मुरथल थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार मुरथल क्षेत्र के सरस्वती विहार में रहने वाला एक व्यक्ति धुलेंडी के दिन अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान किसी घरेलू बात को लेकर उसकी पत्नी के साथ कहासुनी शुरू हो गई। शुरुआत में मामूली तकरार के रूप में शुरू हुआ विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और दोनों के बीच तीखी बहस होने लगी। देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। झगड़े के दौरान आरोपी ने गुस्से में रसोई में रखा सब्जी काटने वाला चाकू उठा लिया और पत्नी के पेट में वार कर दिया। वार से महिला गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने तुरंत घायल महिला को सोनीपत के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे खानपुर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार जारी है। मुरथल थाना पुलिस के अनुसार फिलहाल महिला का इलाज चल रहा है और चिकित्सकों की ओर से उसे बयान देने के लिए अभी फिट घोषित नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि महिला के बयान दर्ज होने के बाद ही मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है और पूरे घटनाक्रम की जांच जारी है।

## यमुनानगरःबंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

**लोकतंत्र की शान : यमुनानगर।** यमुनानगर शहर के गांधी नगर थाना क्षेत्र में बंद पड़े एक मकान में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखी नकदी तथा सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महेंद्र नागपाल ने बताया कि वह पंचकूला में गेस्ट टीचर के रूप में कार्यरत हैं और फिलहाल अपनी माता के साथ वहीं किराये के मकान में रहते हैं। यमुनानगर में उनका निजी मकान है, जो अधिकांश समय बंद रहता है और वह बीच-बीच में यहां आकर देखभाल कर लेते हैं। शिकायत के अनुसार वह करीब 10 जनवरी को आखिरी बार अपने घर आए थे। इसके बाद तीन मार्च को होली के अवसर पर जब वह यमुनानगर स्थित मकान पहुंचे तो घर के अंदर बने कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर सामान बिखरा देखकर उन्हें चोरी की आशंका हुई। जब उन्होंने अलमारी की जांच की तो उसमें रखी लगभग चार हजार रुपये की नकदी और कई आभूषण गायब मिले शिकायकर्ता ने बताया कि चोरी हुए सामान में सोने की बालियां, झुमके, टॉप्स और चांदी के कड़े तथा पाजेब शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही गांधी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीन ऑफ क्राइम टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि चोर घर के लंबे समय से बंद होने का फायदा उठाकर अंदर घुसे थे। पुलिस ने खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। जांच अधिकारियों का कहना है कि मामले में उपलब्ध सुरागों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जोधपुर—साबरमती एक्सप्रेस का विस्तार जैसलमेर तक

**लोकतंत्र की शान : जयपुर।** केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत के आग्रह पर जोधपुर—साबरमती एक्सप्रेस का विस्तार जैसलमेर तक कर दिया गया है। केन्द्रीय मंत्री ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट लिखकर यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि उनके आग्रह पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन संख्या 20485/20486 जोधपुर साबरमती एक्सप्रेस का विस्तार जैसलमेर तक करने की स्वीकृति प्रदान की है। शेखावत ने इसके लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से जैसलमेर और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही इससे पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बेहतर कनेक्टिविटी की नीति के अनुरूप देशभर में रेल सुविधाओं को मजबूत करने और यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जोधपुर—साबरमती एक्सप्रेस का जैसलमेर तक विस्तार क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पश्चिमी राजस्थान के लोगों को रेल यात्रा में अधिक सुविधा मिलने के साथ ही क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

## पानीपतः होली खेलकर नहर में नहाने गया युवक पानी के साथ बहा

**लोकतंत्र की शान : पानीपत।** पानीपत में होली खेलने के बाद दिल्ली पैरलल नहर में नहाने गए एक युवक का पैर फिसलने से वह गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश में जुट गई है। अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मृतक के मामा के लड़के सागर के अनुसार 18 वर्षीय कर्ण उसकी बुआ का लड़का है, जो यूपी का रहने वाला है और तीन महीने से उसउके पास रह रहा था। बुधवार को होली खेलने के बाद दोपहर में कर्ण और उसका चचेरा भाई धनीराम नहाने के लिए नहर पर गए थे, नहर के किनारे नहाते वक्त अचानक कर्ण का पैर फिसल गया। पानी का बहाव तेज होने के कारण वह खुद को संभाल नहीं पाया और देखते ही देखते पानी के बहाव में आंखों से ओझल हो गया। धनीराम ने तुरंत शोर मचाया, जिसे सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे।


# बाकल थाना अंतर्गत पुलिस प्रशासन द्वारा प्रशंसनीय कार्य शैली देखी गई

होली महोत्सव महा पर्व पर

**लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**











**कटनी:** जिला में पदस्थ यशस्वी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा जी एवं संघर्ष मयी एस,डी, ओ, पी, महोदया सुश्री आकांक्षा चतुर्वेदी जी के मार्गदर्शन व निर्देशानुसार समस्त थाना क्षेत्रों में सराहनीय पुलिस गस्त की पहल देखी वा सुनी गई थाना प्रभारियो के आदेश पर हरेक बीड प्रभारी अपने अपने बीड पर चाक चौबंद एवं गस्त पर तैनात रहे पुलिस प्रशासन की कार्य शैली सराहनीय वा अति प्रशंसनीय देखी गई जिस पर आम जनता को दिल से गर्भ है बाकल थाना प्रभारी यशस्वी श्री दिनेश तिवारी जी ने थाना क्षेत्र में सुयमं पुलिस बल सहित भ्रमण किया बाकल थाना में पदस्थ उप निरीक्षक बी,एल ठाकुर ए,एस आई, बी,एल, चौधरी ए, एस, आई, ब्रजेन्द्र उरमलिय जी एवं समस्त पदस्थ पुलिस स्टाप ने अपने कर्तव्यों का भलि भांति निर्वाहन किया ऐसी सराहनीय कार्य शैली को देखते हुए क्षेत्र वासियों ने पुलिस प्रशासन की हृदय से सराहना की है तथा होली महोत्सव महा पर्व पर अति उत्साहित तथा भाईचारा को निभाते हुए थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस स्टाप ने सम्मान सहित ग्रामीणों के साथ अति धूमधाम से रंग गुलाल से तिलक बंधन कर होली मनाई एवं मिठाई खिलाकर मिलन किया जिसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन जिला कटनी अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने तथा क्षेत्र वासियों ने हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन आम जनता के लिए सुरक्षा कवच है हमारे हर संकट पर पुलिस प्रशासन का सहयोग मिलता है चाहे दिन हो या रात जिस कार्य शैली पर हमें दिल से गर्भ है आप समस्त बुद्धिजीवियों से आग्रह व अपेक्षा है कि सदैव अनैतिक गतिविधियों की सूचना अपने संबंधित थाना में देते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें

## गोपाल दास मंदिर में हुआ हनुमान चालीसा पाठ



**लोकतंत्र की शान**

**सीधी।** शहर के हृदय स्थल में स्थापित श्री श्री 1008 श्री स्वामी श्री गोपाल दास जी महाराज आश्रम अध्यात्म रामायण मंदिर में 3 मार्च 2026 को रात्रि 8: 30 बजे से श्री हनुमान चालीसा प्रारंभ हुआ। सभी श्रद्धालु भक्तगण समय का ध्यान रखते हुए पहुंचे और अपने जीवन को कृतार्थ किया। इसी दौरान हनुमान चालीसा के पश्चात आए हुए सभी भक्तगण एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर रंग महोत्सव मनाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। हनुमान चालीसा गोपाल दास मंदिर के प्रभारी मयंक मिश्रा, नगर अध्यक्ष रमेश गुप्ता, भास्कर सिंह चौहान, अरुण सिंह बघेल, महेंद्र श्रॉफ, धर्मेंद्र सिंह सोनू, प्रभात पांडे, अंशुमान द्विवेदी,आशीष अवधिया,विनय सिंह,ज्ञानेंद्र द्विवेदी, मुकेश सिंह चौहान, द्रोणाचार्य तिवारी,आकाश शर्मा,सत्य प्रसाद नामदेव अन्वेशा एवं कनक सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

## खाकी पर चढ़ा फागुन का रंग, पुलिस लाइन में जमकर थिरके अधिकारी और जवान

**लोकतंत्र की शान**



**सीधी।** जिले भर में शांतिपूर्ण ढंग से होली संपन्न कराने के बाद, आज सीधी पुलिस ने पूरे उत्साह के साथ रंगोत्सव पर्व मनाया। पुलिस लाइन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के आला अधिकारियों से लेकर आरक्षक स्तर तक के जवानों ने आपसी भेदभाव भुलाकर रंगों की मस्ती में सराबोर होकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों का अनूठा अंदाजः पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, रक्षित निरीक्षक, सभी थानों के थाना प्रभारी तथा जवानों के साथ मिलकर फूलों और गुलाल की होली खेली। अधिकारियों को अपने बीच पाकर जवानों का उत्साह दोगुना हो गया।

### जमकर थिरके कदम

ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी गण अपने आप को थिरकने से नहीं रोक पाए। फाग गीतों और होली के गानों पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने जमकर डांस किया। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि पुलिसकर्मी साल भर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं। ऐसे आयोजन न केवल मनोरंजन करते हैं, बल्कि टीम भावना और आपसी विश्वास को भी मजबूत करते हैं। होली मिलन समारोह के दौरान पुलिसकर्मियों ने पारंपरिक पकवानों का भी लुत्फ उठाया।

## होली में बमबाजी से दहशतः माधव नगर के बंगला लाइन में चले देसी बम आधा दर्जन लोग घायल, घायलों में महिला नाबालिग भी शामिल

**लोकतंत्र कि शान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**



**कटनी।** शहर के माधव नगर थाना क्षेत्र के बंगला लाइन कैंप में गुरुवार को पुरानी रंजिश के चलते अचानक हिंसक झड़प हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने देसी बम फेंक दिए, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। बम धमाकों की आवाज से आसपास के लोग सहम गए और क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में महिला, पुरुष और नाबालिग बच्चों सहित करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों में महिला और नाबालिग बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही माधव नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह घटना पुरानी आपसी रंजिश के चलते हुई है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## जिले में उल्लास के साथ मना होली का त्यौहार, उड़े रंग गुलाल

» रंग और गुलाल लगाने बच्चों और युवाओ में दिखा उत्साह
» जगह-जगह आयोजित हुआ फाग गायन का कार्यक्रम

**लोकतंत्र की शान**



**सीधी।** जिले भर में रंगों का त्यौहार होली प्रेम एवं सद्भावना के साथ मनाया गया। होली के त्यौहार की खुशियां एक-दूसरे से लोगों ने पूरे उत्साह के साथ मिलकर बांटी। बुधवार गुरुवार को रंग एवं गुलाल बरसे और लोग सराबोर होते रहे। होली के दौरान कुछ लोग घूमकर मस्ती करते रहे। सामाजिक समरसता के प्रतीक होली के त्यौहार के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे के घरों में भी जाकर होली की शुभकामनाएं अबीर लगाते हुए दी। वहीं विशेष फाग का आयोजन किया गया जिसमे जमकर होली गीत ढोल नगाड़े मजीरा के साथ फाग गाया गया। ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही फाग गायन करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा। फाग गायन की धूम देर रात तक अनवरत रूप से बनी रही। उल्लेखनीय है की होली के पर्व को भाई चारा आपसी स्नेह का पर्व माना जाता है और होली में रंग गुलाल के चलते सब एक सूत्र में बंध जाते है। होली का त्यौहार शहर सहित मझौली, रामपुर नैकिन, बघवार, हत्था, सेमरिया, कुसमी, सिहावल, बहरी, अमिलिया, कमर्जी, चुरहट, खड्डी अंचल में भी धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने दो दिनों तक होली का त्यौहार मनाया। इस दौरान बच्चों एवं युवाओं ने जहां रंगों के साथ जमकर मस्ती की। वहीं अधेड़ों एवं बुजुर्गों ने फाग गीतों का आयोजन कर होली के त्यौहार की खुशियां मनाया। होली की धूम के चलते पूरा जिला दो दिनों तक रंग बिरंगे रंगों से सराबोर रहा। इस दौरान जिले भर में पुलिस की कड़ी चौकसी बनी रही। जिले भर में पुलिस बल अपनी ड्यूटी मे मुस्तैदी से तैनात रहा। पुलिस की कड़ी चौकसी के चलते अराजक तत्वों की धमाचौकड़ी देखने को नहीं मिली। पुलिस द्वारा इस बात पर विशेष चौकसी की जा रही थी कि नशे में धुत्त होकर कोई भी व्यक्ति बाहर सडकों में निकलकर हुड़दंग न मचा सके। पुलिस बल की टुकडियां अलग-अलग स्थानों में सुबह से ही अपना मोर्चा संभाले हुई थी। जिला मुख्यालय समेत कस्बाई क्षेत्रों में भी पुलिस की होली के त्यौहार पर कड़ी निगरानी सुबह से लेकर रात में भी बनी रही। अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के यहां भी होली की भीड़ दिखी।

## पानीपतः ट्रक व कार की टक्कर में कार सवार युवक की मौत

**लोकतंत्र की शान**



**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था में आईटीआई के सामने बीती रात को एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार सवार युवक की मौत हो गई। राहगीरों ने कार की खिड़की तोड़कर युवक को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नौल्था निवासी 21 वर्षीय कपिल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कपिल गोहाना की तरफ से अपनी कार में आ रहा था। तभी सामने से आ रहे एक ट्रक ने उसकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। वहीं राहगीरों ने तुरंत कार की खिड़की तोड़कर कपिल को बाहर निकाला और उसे पास के एनसी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मृतक की जेब में मिले पहचान पत्र से युवक की पहचान कपिल के रूप में हुई, जिसमें नौल्था और सोनीपत जिले के शामड़ी गांव के दो पते मिले। अस्पताल प्रशासन ने नौल्था के एक स्थानीय समूह में पहचान के लिए संदेश डाला, जिससे पता चला कि कपिल पिछले लगभग 15 सालों से अपनी मां और बड़े भाई के साथ नौल्था में अपने मामा के घर रह रहा था। वह गांव के पास एक निजी फैक्ट्री में नौकरी करता था। इसराना पुलिस ने गुरुवार को ट्रक ड्राइवर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किया पौधरोपण

**लोकतंत्र की शान**



**देहरादून।** उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर उनके 'प्रतिदिन एक पौधरोपण' के संकल्प के तहत अपने शासकीय आवास पर पौधरोपण किया। इस मौके पर गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सफल जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में देश के किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि जनसेवा के प्रति शिवराज सिंह चौहान का समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जैसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को प्रकति संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर सरकार में दायित्वधारी जगत सिंह चौहान, भाजपा नेता रामशरण नौटियाल, लक्ष्मण सिंह रावत, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर धीरेन्द्र सिंह और दीपक भट्ट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## यमुनानगरःराजीव हत्याकांड में खुलासा, जन्मदिन के बाद प्रेमिका से शादी की थी तैयारी

**लोकतंत्र की शान**



**यमुनानगर।** यमुनानगर में हुए राजीव हत्याकांड की जांच के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। परिजनों के अनुसार राजीव मार्च के पहले सप्ताह में अपनी प्रेमिका स्नेहा से विवाह करने की योजना बना रहा था। इसी बीच उसकी हत्या की घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। मृतक के भाई हर्ष ने बताया कि राजीव और स्नेहा करीब डेढ़ वर्ष से एक-दूसरे के संपर्क में थे। परिवार को इस संबंध की जानकारी थी और उन्होंने कई बार राजीव को सावधान रहने की सलाह भी दी थी, लेकिन वह स्नेहा के प्रति पूरी तरह समर्पित था। हर्ष के अनुसार राजीव अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा भी उसी पर खर्च करता था। परिजनों ने बताया कि 27 फरवरी को राजीव अचानक लापता हो गया था। अगले दिन स्नेहा उनके घर पहुंची और परिवार को बताया कि उसे राजीव के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस दौरान उसने परिवार के साथ सामान्य व्यवहार करते हुए भोजन भी किया। बाद में पुलिस जांच में सामने आया कि इसी दौरान वह अपने दूसरे परिचित अमित के साथ मिलकर कथित तौर पर हत्या की साजिश में शामिल थी। हर्ष ने बताया कि एक मार्च को राजीव का 21वां जन्मदिन था और वह उसके कुछ दिन बाद विवाह करना चाहता था।

## संक्षिप्त समाचार

### खामेनेई का उत्तराधिकारी दूसरे बेटे मोजतबा को बनाने पर सहमति, जल्द होगी घोषणा

**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल के हमले में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के उत्तराधिकारी के रूप में उनके दूसरे बेटे मोजतबा खामेनेई के नाम पर सहमति बन गई है। इसे लेकर पवित्र शहर कोम में 88 सदस्यों वाली 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' (विशेषज्ञों की सभा) में मतदान हो चुका है। ईरान इंटरनेशनल अखबार ने सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा कि असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स गुरुवार को एक आपात सत्र में मोजतबा खामेनेई को आधिकारिक नेता के तौर पर घोषित करेगी। यह सत्र ईरान इंटरनेशनल की उस रिपोर्ट के दो दिन बाद आहूत किया गया है, जिसमें कहा गया था कि असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के दबाव में मोजतबा खामेनेई को अगला नेता चुना है। असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के प्रतिनिधियों के ऑफिस के दो सूत्रों ने बताया कि कम से कम आठ सदस्य गुरुवार के सत्र में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने इस चयन का विरोध किया है। खामेनेई का वारिस चुनने के लिए आपात बैठक कोम शहर में असेंबली बिल्डिंग पर इजराइली हमले के समय से पहले खत्म हो गई थी। गुरुवार की बैठक ऑनलाइन होगी। इसे कोम में फातिमा मासूमेह की दरगाह के पास एक इमारत से संचालित किया जाएगा। मोजतबा के चयन से नाखुश प्रतिनिधि नए सिरे से मतदान कराने की मांग कर सकते हैं। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की पत्नी मंसूरेह खोजस्तेह बघेरजादेह की मौत भी मौत हो चुकी है। उन्होंने अपना आखिरी दिन कोमा में सेंट्रल तेहरान में पाश्चर एवेन्यू पर अपने घर के पास एक हॉस्पिटल में बिताया। उनका घर (कंपाउंड) अब पूरी तरह तबाह हो चुका है। खामेनेई दंपति के छह संतानों में चार बेटे 1979 की क्रांति से पहले और दो बेटियां बाद में पैदा हुईं। एक बेटी होदा भी हमले में मारी जा चुकी है। इस बीच ईरान की एक अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने कहा है कि इस्लामिक क्रांति के शहीद नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की योजना बनाई जा रही है। ईरान की मंत्रिपरिषद अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद 40 दिनो के राष्ट्रीय शोक की घोषणा पहले ही कर चुकी है।

### अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग, कोलकाता-दुबई फ्लाइट शुरू

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। 28 फरवरी से शुरू हुई जंग के कारण मिडिल ईस्ट के देशों में भारत के लिए उड़ान सेवा प्रभावित हुई है। हालांकि बीते 2 दिन में हालात आंशिक रूप से सुधरे हैं। स्पाइसजेट मिडिल ईस्ट में फंसे यात्रियों की वापसी के लिए गुरुवार को UAE से 13 स्पेशल फ्लाइट्स चलाएगी। इनमें 12 फुजैराह से और 1 दुबई से चलेंगी। फुजैराह से मुंबई के लिए सात और दिल्ली के लिए पांच स्पेशल फ्लाइट्स चलेंगी। वहीं एक फ्लाइट दुबई से मुंबई आएगी। इधर, ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन हुए। 1 मार्च से आज लगातार पांचवे दिन श्रीनगर में लाल चौक पर बैरिकेडिंग है, सुरक्षाबल की तैनाती है। गलियों के बाहर तार फैंसिंग की गई है। इस बीच 4 दिन बंद पड़ी कोलकाता-दुबई की उड़ानें आज से दोबारा शुरू की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि फ्लाईदुबई की फ्लाइट गुरुवार सुबह एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इसमें 130 यात्री थे। बोइंग 737 मैक्स वाला यह प्लेन यहां से 55 यात्रियों को लेकर दुबई रवाना हुआ। स्पाइसजेट के मुताबिक गुरुवार को दुबई से मुंबई के लिए SG 9014 और फुजैरा से मुंबई के लिए SG 9036 उड़ान चलेंगी। फुजैरा से दिल्ली के लिए SG 9006, SG 9082 और SG 9085 और फुजैरा से मुंबई के लिए SG 9087 और SG 9089 उड़ानें भी ऑपरेट की जा रही हैं। स्पाइसजेट ने 6 मार्च को भी फुजैराह से मुंबई और दिल्ली के लिए कई अतिरिक्त उड़ानें तय की हैं। 7 मार्च को फुजैराह से मुंबई के लिए एक स्पेशनल फ्लाइट ऑपरेट की जाएगी। एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने कहा- 28 फरवरी या उससे पहले बुक टिकट वाले यात्री अपनी उड़ान मुफ्त में रीशेड्यूल करा सकते हैं या टिकट कैंसिल करके पूरा रिफंड ले सकते हैं। कंपनी ने कहा कि हमारी मिडिल ईस्ट के हालातों पर नजर बनी हुई है। दुबई और जेद्दा से फ्लाइट ऑपरेट की जा रही हैं। वहां फंसे भारतीय लाने की कोशिशें जारी हैं।




### कनाडा में पंजाबी यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल की चाकू मारकर हत्या

**लुधियाना।** कनाडा में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल (45) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कैनेडियन पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे हमलावर उसके घर में घुसे। उसे घर के भीतर ही चाकू मारे गए। जिसके बाद हमलावर उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। नैन्सी कनाडा के विंडसर इलाके में रहती थी। इसका पता चलने के बाद पुलिस वहां पहुंची। जहां से नैन्सी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। वहां के डॉक्टरों के मुताबिक उसे काफी गंभीर चोटें लगी हुई थीं। जिस वजह से उसकी मौत हो गई। हालांकि नैंसी की बहन ने दावा किया है कि नैंसी की हत्या उसके घर में नहीं हुई बल्कि उसके घर से 45 मिनट की दूरी पर एक पेशेंट के घर के बाहर हुई है। नैन्सी का जन्म हरियाणा में हुआ लेकिन बाद में उनका परिवार लुधियाना शिफ्ट हो गया। अब उसकी मां जालंधर में रहती है। नैन्सी अपने यूट्यूब वीडियो को लेकर सुर्खियों में रहती थी। जिसमें वह खुलकर खालिस्तानियों से लेकर अकाल तख्त जत्थेदार और डेरा ब्यास मुखी तक की आलोचना करती थी। टीम रात में पहुंची, अस्पताल में दम तोड़ दियाः कनाडा पुलिस के अधिकारी पियर्स ने बताया कि हमले की सूचना मंगलवार (3 मार्च) की रात को मिली थी। इसके बाद पुलिस और पैरामेडिक्स रात करीब साढ़े 9 बजे तक टॉड लेन (Todd Lane) के 2400 ब्लॉक में पहुंचे। इसके अलावा एसेक्स-विंडसर इमरजेंसी मेडिकल टीम के मेंबर भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।



### बेंगलुरु- सॉफ्टेयर इंजीनियर महिला ने सुसाइड किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में महिला ने सास से झगड़ा होने पर सुसाइड कर लिया। घटना 4 मार्च को नॉर्थ बेंगलुरु के इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि 35 साल की मृतक महिला सुषमा आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी। सुषमा की 5 साल पहले पुनीत कुमार से शादी हुई थी, दोनों का 4 साल का बेटा भी है। पुलिस ने बताया कि सुषमा और उसकी सास के बीच अक्सर खाना बनाने को लेकर झगड़ा होता था। पारिवारिक झगड़ों के कारण सुषमा तनाव में रहती थी। बुधवार को सुषमा ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुषमा के परिवारवालों ने सुसराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। इसके बाद उसके पति पुनीत को गिरफ्तार किया गया है। सुषमा के पिता प्रभाकरमूर्ति ने बेटी के सुसरालपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि बेटी से हर रोज झगड़ा किया जाता था। यह एक दिन का मामला नहीं था। बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि जब सुषमा की शादी हुई थी। तब हमने दहेज में 10 लाख कैश और गोल्ड दिया था। बेटी पहले नौकरी करती थी, शादी के बाद उसने जॉब छोड़ी थी। उसने एक कार भी खरीदी थी। पुलिस ने कहा कि बेंगलुरु में एक ही हफ्ते के भीतर यह किसी टेक प्रोफेशनल की आत्महत्या का दूसरा मामला है।



# ईरान पर अब तक की कार्रवाई से ट्रंप खुश

## कहा- खामेनेई का उत्तराधिकारी भी मारा जाएगा

**एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन/तेल अवीव**



ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त सैन्य अभियान के तहत किए गए आक्रमण में अब तक मिली सफलता की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तारीफ की है। उन्होंने कहा कि अब ईरान के अगले नेता की भी मौत हो सकती है। इस बीच इजराइल ने ईरान के एक बड़े नौसेना के ठिकाने पर विस्फोट किया है। ईरान ने अमेरिका को धमकी दी है कि श्रीलंका में युद्धपोत पर किए गए हमले का माकूल जवाब दिया जाएगा। इस बीच ईरान के बंदर अब्बास में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नेवल बेस के पास जोरदार धमाके हुए हैं। ईरान इंटरनेशनल समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इशारा किया कि ईरान के साथ लड़ाई बढ़ने पर अली खामेनेई के होने वाले वारिस मारे जाएंगे। उधर, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि उसने ईरान में एक महत्वपूर्ण मिलिट्री कंपाउंड के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन पूरा किया है। आईडीएफ ने इस कंपाउंड में स्थित ईरान के सैन्य सुरक्षा के कई महत्वपूर्ण मुख्यालयों को नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा बंदर अब्बास में आईआरजीसी नेवल बेस के पास जोरदार धमाकों की खबर है। यह धमाके इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के फर्स्ट नेवल जोन में बंदर-ए-बहोनार के पास हुए हैं। यह स्ट्रेटेजिक होर्मुज स्ट्रेट के सबसे पास की यूनिट है। इस पर ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स नेवी के एक अनजान कमांडर ने धमकी दी है। इस कमांडर ने कहा कि ईरान अब अमेरिका और ब्रिटिश जहाजों और फारस की खाड़ी में इजराइल के लिए माल ले जाने वाले हर जहाज को निशाना बनाएगा। उनमें चाहे झंडा किसी भी देश का लगा हो। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने अल-खारज के पूरब में तीन ड्रोन को रोककर नष्ट करने का दावा किया है। ईरान ने हिन्द महासागर में डुबोए गए अपने युद्धपोत पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

## सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन की शादी सानिया चंडोक के साथ मुंबई में फेरे



**अमिताभ, अंबानी और जय शाह पहुंचे, धोनी-द्रविड़ भी शामिल हुए**

**एजेंसी, मुंबई**

सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की आज सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। शादी समारोह में अमिताभ बच्चन पत्नी जया बच्चन के साथ पहुंचे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पत्नी साक्षी के साथ आए। वहीं, पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले के साथ क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, हरभजन सिंह भी मौजूद रहे। शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में हुए थे। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं।

**पैट स्पा सेंटर की डायरेक्टर है सानियाः** सानिया चंडोक मशहूर बिजनेस परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद सानिया लाइमलाइट से दूर रहती हैं। वे मुंबई में ही मिस्टर पॉज पैट स्पा एंड स्टोर एलएलपी (Mr. Paws Pet Spa & Store LLP) की पार्टनर और डायरेक्टर हैं।

यह पशुओं की स्किनकेयर, ग्रूमिंग और इससे रिलेटेड प्रोडक्ट्स की सेवाएं देता है। सानिया ने इसकी शुरुआत 2022 में एक लाख रुपए से की थी। सानिया की फैमिली यानी घई परिवार हॉस्पिटैलिटी और फूड वर्ल्ड में जाना-माना नाम है। उनका इंटरकॉन्टिनेंटल होटल्स ग्रुप है, जिसकी मल्टीनेशनल वैल्यू 18.43 बिलियन डॉलर (1.6 लाख करोड़ रुपए) है। वहीं मुंबई में इंटरकॉन्टिनेंटल होटल है।

## हरियाणा राज्यसभा चुनाव, तीसरे प्रत्याशी सतीश नांदल ने किया नामांकन

- सावित्री जिंदल सहित 3 एमएलए साथ रहे, कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध और बीजेपी से संजय भाटिया भर चुके पर्चा



**एजेंसी, चंडीगढ़**

राज्यसभा की 2 सीट के लिए कांग्रेस से कर्मवीर बौद्ध, भाजपा से संजय भाटिया और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सतीश नांदल ने नामांकन किया। हरियाणा राज्यसभा चुनाव के लिए बीजेपी कैंडिडेट संजय भाटिया ने अपना नामांकन भर दिया है। उनके साथ सीएम नायब सैनी भी रहे। उधर, कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को राज्यसभा प्रत्याशी बनाया है। यह उनका पहला चुनाव होगा। बीजेपी कैंडिडेट नामांकन भरने के बाद बौद्ध ने भी विधानसभा भवन पहुंचकर अपना नामांकन किया। उनके साथ पूर्व सीएम भूपेंद्र सहित कांग्रेस के 34 विधायक मौजूद रहे। इससे पहले कांग्रेस ऑफिस में कर्मवीर बौद्ध ने नामांकन पत्र भरा। बताया जा रहा है कि हरियाणा के एक सीनियर आईएएस उन्हें पार्टी हाईकमान तक पहुंचाया। इसके बाद राहुल गांधी ने ही उनका नाम हरियाणा से राज्यसभा सदस्य के लिए सुझाया। नामांकन के बाद उन्होंने कांग्रेस हाईकमान का धन्यवाद किया। उधर, रोहतक के बोहर गांव के रहने वाले सतीश नांदल राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन कर दिया है। सतीश करीब दो बजे निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादियान और राजेश जून के साथ विधानसभा पहुंचे और नामांकन किया। नामांकन से पहले सतीश नांदल ने मीडियो से कहा कि हमारे साथी विधायकों ने सोच पैदा की है कि एक निर्दलीय प्रत्याशी भी होना चाहिए, इसीलिए पर्चा भर रहे हैं। तीन प्रत्याशी होने से एक बार फिर खेला होने के आसार बढ़ गए है।

# उदयपुर में तोप गरजे, गोलियों की तड़तड़ाहट से सहमा इलाका

- आधी रात 451 साल पुरानी परंपरा निभाने जुटे हजारों लोग, बारूद की होली खेली



**एजेंसी, उदयपुर**


लाल पगड़ियों और सजे-धजे कपड़ों में आधी रात को हाथों में तलवारें लिए लोग खड़े थे। चारों तरफ आग उगलती तोपें थीं। एक के बाद एक धमाके हो रहे थे। बंदूकों से गोलियां चल रही थीं। माहौल ऐसा जैसे कोई महायुद्ध छिड़ गया हो। यह नजारा उदयपुर से 45 किलोमीटर दूर उदयपुर-चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित मेनार गांव में बुधवार (4 मार्च) की रात का है। करीब 451 साल पहले मुगल चौकी ध्वस्त करने की खुशी में मेनारिया ब्राह्मण समाज बारूद की होली खेलता है। हर साल होलिका दहन के 48 घंटे बाद यानि तीसरी रात (जमरा बीज) को यह आयोजन होता है। खास बात यह है कि बुजुर्ग पीछे नहीं रहते। वह भी युवाओं के साथ मिलकर धमाके करते हैं। ढोल-दुंदुभि बजाया जाता है। तलवारों के साथ गैर डांस (राजस्थान का पारम्परिक प्रसिद्ध नृत्य) किया जाता है। मशाल लेकर गांव के रास्तों की मोर्चाबंदी होती है। यह सब देखने के लिए महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और विदेशों तक से लोग मेनार गांव पहुंचे थे। कहा जाता है मेवाड़ में महाराणा अमर सिंह के साम्राज्य के दौरान जगह-जगह मुगलों की छावनियां (सेना की टुकड़ियां) बनी हुई थीं। मेनार गांव के पूर्वी छोर पर भी मुगल छावनी थी। छावनी के आतंक से लोग परेशान थे। मेनारिया ब्राह्मणों की भी परेशानियां बढ़ने लगी थीं। मेनारवासियों को वल्लभनगर छावनी पर जीत का समाचार मिला तो गांव के लोग ओंकारेश्वर चबूतरे पर जुटे और छावनी पर हमले की रणनीति बनाई। इसके बाद हमला कर मुगल छावनी को ध्वस्त कर दिया।

**चारों तरफ भीड़, धमाके, जोश और गर्वः** मेनार गांव में जमरा बीज की रात का माहौल किसी युद्ध स्थल से कम नहीं था। चारों तरफ भीड़। पैर रखने की जगह नहीं। गांव के लोगों ने सेना वाली पोशाक पहनी थी। हाथों में मशाल और तलवारें थीं। टुकड़ियां जब बारूद की होली खेलने गांव के ओंकारेश्वर चौक पहुंचीं तो शोर मच गया। रोम-रोम में रोमांच दौड़ गया। देखते ही देखते तोपें बारूद उगलने लगीं। गोला-बारूद से पूरा इलाका दहलने लगा। दुंदुभि बजाकर जीत का ऐलान किया गया और फिर तलवारों से गैर डांस शुरू हुआ। मुगल चौकी पर जीत के बाद से मेनारिया समाज हर साल इसी तरह होली मनाता है। खास बात यह है कि इसमें रंग से ज्यादा बारूद का इस्तेमाल होता है।

**परंपरा निभाई, जाजम बिछाकर की मेहमान नवाजीः** बुधवार को (5 मार्च) दोपहर ऐतिहासिक बारूद की होली की शुरुआत हुई। सबसे पहले गांव के ओंकारेश्वर मंदिर के चौक में शाही लाल जाजम बिछाई गई। गांव और आसपास के इलाकों से यहां पहुंचे मेनारिया ब्राह्मण समाज के पंचों, मौतवीरों (बुजुर्ग) का स्वागत किया गया। उनकी मेहमाननवाजी की गई। इसके बाद गांव के जैन समाज के लोगों ने अबीर-गुलाल बरसाना शुरू किया। सभी लोग आपस में गले मिले और होली की शुभकामनाएं दीं। रात 10:15 बजे के बाद रस्में शुरू हुईं। पूर्व रजवाड़ों के सदस्य सैनिकों की पोशाक धोती-कुर्ता और कसुमल पाग (साफा) बांधे तलवारें और बंदूकें लेकर घरों से निकले।

# हिमाचल में राज्यसभा टिकट पर बोले आनंद शर्मा, स्वाभिमान महंगा होता है

**एजेंसी, शिमला**



- सच बोलना अब राजनीति में अपराध', फिर भी सच्चाई से पीछे नहीं हटेंगे

हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए नाम तय होने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने पार्टी के फैसले पर सीधी टिप्पणी करने से परहेज किया, लेकिन उनको प्रत्याशी न बनाए जाने का दर्द छलका। मीडिया से बातचीत में उन्होंने इशारों-इशारों में अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि राजनीति में स्वाभिमान बहुत महंगा होता है और उसकी कीमत चुकानी पड़ती है, जबकि आज के दौर में सच बोलना एक तरह से राजनीतिक अपराध बन गया है। आनंद शर्मा ने कहा कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि कांग्रेस की केंद्रीय नेतृत्व ने किस आधार पर फैसला लिया। इस बारे में वही लोग बेहतर बता सकते हैं जो निर्णय लेते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की सुप्रीम कमांड ने अपने विवेक से फैसला किया होगा और वही इसके गुण-दोष स्पष्ट कर सकते हैं। करीब पांच दशक के अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए आनंद शर्मा ने कहा कि उन्होंने देश की कई पीढ़ियों के नेतृत्व के साथ काम किया है।

उन्होंने बताया कि उन्होंने इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी, और मनमोह सिंह के साथ नजदीक से काम किया है। लंबे अनुभव के बाद उनका मानना है कि राजनीति में स्वाभिमान की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। आनंद शर्मा ने कहा कि उन्हें हिमाचल प्रदेश और देश का लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला, जो उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि शिमला और हिमाचल के अन्य हिस्सों में कई संस्थान स्थापित करने में उनका योगदान रहा है और वे आगे भी राज्य के लोगों से जुड़े रहेंगे। राज्यसभा चुनाव को नामांकन से पहले राजधानी पहुंचने से जुड़े प्रश्न पर आनंद शर्मा ने कहा कि शिमला में उनका पैतृक घर है और वह समय-समय पर हिमाचल आते रहे हैं और भविष्य में भी आते रहेंगे। उन्होंने साफ किया कि इस मुद्दे को लेकर वह पार्टी हाईकमान से कोई अलग बातचीत नहीं करेंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह सच बोलने से पीछे हटने वाले नहीं हैं और आगे भी अपने विचार खुलकर रखते रहेंगे।

**'बंगाल में वोट देना लोगों की जान के लिए खतरा'**

## धामी बोले- एसआईआर में फर्जी वोटर हटने से घबराईं दीदी, योजनाओं पर उठाए सवाल



**एजेंसी, देहरादून**


उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह होली मनाने के बाद मिशन बीजेपी के जुड़ चुके हैं। होली मनाने के बाद सीएम धामी अपना कर्त्वय निभाते हुए बंगाल पहुंचे। वहां उन्होंने दीदी की सरकार पर जमकर हमला बोला। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा- दीदी ने घुसपैठियों को यहां पर घुसपैठ कराई है। उत्तराखंड के राज्यपाल के साथ होली खेलने के बाद सीएम धामी दोपहर को पड़ोसी देश बाग्लादेश की सीमा पर स्थित पश्चिमी बंगाल के कूचबिहार पहुंचे। जहां से उन्होंने भाजपा के मिशन बंगाल की शुरुआत की।

**बीजेपी के लिए क्यों अहम 'पोरिबोर्तन यात्रा'ः** जनता तक पहुंच और समर्थन जुटानाः यह यात्रा बीजेपी को पश्चिम बंगाल के हर विधानसभा क्षेत्र में सीधे जनता से जुड़ने का मौका देगी।

इससे पार्टी को जमीनी स्तर पर अपनी बात पहुंचाने और समर्थन जुटाने में मदद मिलेगी। रैलियों और जनसभाओं के माध्यम से, बीजेपी मतदाताओं को आकर्षित करने और उन्हें अपने पक्ष में करने की कोशिश करेगी।

# फिनलैंड के राष्ट्रपति ने किया मोदी के कूटनीतिक कौशल को सलाम

**एजेंसी, नई दिल्ली,**



फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने भारतीय विदेश नीति को एक व्यावहारिक और यथार्थवादी आधार पर लाने तथा बहुपक्षवाद और वैश्विक सहयोग के विस्तार के साथ रणनीतिक स्वायत्तता की रक्षा सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कूटनीतिक कौशल की आज मुक्त कंठ से प्रशंसा की। स्टब ने कहा कि इस उथल-पुथल भरे दौर में दुनिया को भारत के कूटनीतिक मार्ग को समझने एवं अनुसरण करने की जरूरत है। भारत की यात्रा पर आये राष्ट्रपति स्टब ने यहां हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत-फिनलैंड शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता करने के बाद अपने वक्तव्य में यह टिप्पणी की और यह भी कहा कि भारत के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक सीट अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति स्टब की प्रतिष्ठा विश्व में एक सम्मानित नेता, उत्कृष्ट विचारक एवं प्रभावशाली लेखक के रूप में है। वह यहां आज शुरू हुए तीन दिवसीय रायसीना डॉयलॉग में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आए हैं। राष्ट्रपति स्टब ने प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित करते हुए कहा, "मैं आपके कूटनीतिक कौशल को सलाम करता हूं जब आप कहते हैं कि हम यहां दो बड़े लोकतंत्रों के रूप में खड़े हैं।

# दुबई में फंसे बांग्लादेश एयरलाइंस के 27 क्रू मेंबर को यूएस-बांग्ला की उड़ान ने स्वदेश पहुंचाया

**एजेंसी, ढाका**




यूएस-बांग्ला एयरलाइंस की एक उड़ान दुबई में 28 फरवरी से फंसे बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस के 27 फ्लाइट क्रू मेंबर्स को लेकर ढाका पहुंच गई। यह लोग पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के बीच दुबई में फंसे हुए थे। इनके साथ सैकड़ों बांग्लादेशी यात्रियों को भी विशेष उड़ान से वापस लाया। बांग्लादेश की आधिकारिक समाचार एजेंसी बीएसएस की रिपोर्ट के अनुसार बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस के क्रू मेंबर्स 28 फरवरी को युद्ध जैसे हालात शुरू होने के बाद से पिछले पांच दिनों से यूनाइटेड अरब अमीरात में फंसे हुए थे। इससे उनके परिवारों की चिंता बढ़ गई थी। यूएस-बांग्ला एयरलाइंस ने आज यहां एक बयान में कहा कि उसने इस इलाके में फंसे बांग्लादेशी नागरिकों की मदद के लिए अपनी मानवीय कोशिश के तहत उनकी वापसी में मदद की। एयरलाइन के मुताबिक पश्चिम एशिया में बदलते हालात से प्रभावित बांग्लादेशियों को वापस लाने के लिए दुबई एयरपोर्ट अथॉरिटी से अनुमित लेकर दो विशेष उड़ान शुरू की गई हैं। आज 27 क्रू मेंबर्स समेत 378 यात्रियों को लेकर एक विशेष उड़ान ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरी। ऐसी ही एक उड़ान के शुक्रवार सुबह ढाका पहुंचने की संभावना है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव के चलते गुरुवार को ढाका हवाई अड्डे पर 34 उड़ान निरस्त कर दी गईं। पिछले छह दिनों में कुल 210 उड़ान निरस्त की जा चुकी हैं। इसकी पुष्टि बांग्लादेश सिविल एविएशन अथॉरिटी के अधिकारी कवसर महमूद ने की।

# 11वां रायसीना डायलॉग नई दिल्ली 5-7 मार्च 2026-मिडिल ईस्ट में भयंकर युद्ध की आग के बीच कूटनीति का महाकुंभ - वैश्विक शक्ति के रूप में उभरता भारत



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

» युद्ध की पृष्ठभूमि में आयोजित यह सम्मेलन दर्शाता है कि नई दिल्ली केवल घटनाओं की प्रतिक्रियात्मक दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय एजेंडा-निर्माता है।

» रायसीना डायलॉग 2026 क़ी थीम संस्कार : दृढ़ता, सामंजस्य, प्रगति,अपने आप में समय की मांग का दार्शनिक उत्तर है,दृढ़ता उस क्षमता की ओर संकेत करती है जो देशों को युद्ध, महामारी,आर्थिक झटकों और तकनीकी व्यवधानों के बीच टिके रहने की शक्ति देती है -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर मध्य पूर्व में युद्ध की आंच तेज है।ईरान और अमेरिका-इज़रायल के बीच हालिया सैन्य टकराव ने खाड़ी क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है,ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं,और महाशक्तियों के बीच अविश्वास की खाई चौड़ी हो रही है। ऐसे समय में जब दुनियाँ के कई बड़े देश युद्ध,प्रतिबंधों,आर्थिक सुस्ती और आंतरिक राजनीतिक संकटों से जूझ रहे हैं, भारत की राजधानी नई दिल्ली 5 से 7 मार्च 2026 के बीच एक अलग ही संदेश दे रही है संवाद,संतुलन औररणनीतिक विवेक का संदेश। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि 11वां रायसीना डायलॉग ऐसे वैश्विक संदर्भ में आयोजित हो रहा है,जब बहुध्रुवीय विश्व- व्यवस्था की रूपरेखा पुनःलिखी जा रही है। यह सम्मेलन केवल एक कूटनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की उस बढ़ती भूमिका का प्रतीक है जिसमें वह संघर्षों के बीच संवाद का मंच, प्रतिस्पर्धा के बीच संतुलन का केंद्र और अनिश्चितता के बीच नीति-निर्माण का प्रयोगशाला बनकर उभर रहा है।रायसीना डायलॉग का आयोजन हर वर्ष भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में होता है। 2016 में इसकी शुरुआत हुई थी,और एक दशक के भीतर यह एशिया का प्रमुख भू- राजनीतिक और भू- अर्थव्यवस्था सम्मेलन बन चुका है। रायसीना नाम स्वयं भारत की सत्ता-धुरी का प्रतीक है राइसीना हिल्स वह पहाड़ी जहां राष्ट्रपति भवन और प्रमुख मंत्रालय स्थित हैं। नाम में ही निहित है कि यह सम्मेलन सत्ता, रणनीति और संप्रभुता के उस केंद्र से संचालित होता है जहां से भारत अपनी वैश्विक दृष्टि का संप्रेषण करता है। 2026 के संस्करण की थीम संस्कारः दृढ़ता,सामंजस्य, प्रगति,अपने आप में समय की मांग का दार्शनिक उत्तर है। दृढ़ता उस क्षमता की ओर संकेत करती है जो देशों को युद्ध, महामारी, आर्थिक झटकों और तकनीकी व्यवधानों के बीच टिके रहने की शक्ति देती है।सामंजस्य बहुध्रुवीय विश्व में सह-अस्तित्व की आवश्यकता को रेखांकित करता है,जहां प्रतिस्पर्धा के बावजूद संवाद अनिवार्य है।और प्रगति यह दर्शाती है कि तकनीकी आर्थिक और सामाजिक विकास को टाला नहीं जा सकता बल्कि उसे जिम्मेदारी के साथ दिशा देनी होगी। यह थीम केवल भाषाई अलंकरण नहीं,बल्कि वर्तमान वैश्विक उथल-पुथल के बीच नीति-निर्माताओं के लिए कार्यसूची है।इस बार 110 देशों के लगभग 2,700 प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग ले रहे हैं मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष, संसद सदस्य, सैन्य कमांडर, उद्योग जगत के नेता, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ, शिक्षाविद, पत्रकार और युवा नीति-विश्लेषक। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लाखों दर्शक इसे देख रहे हैं। यह संख्या बताती है कि नई दिल्ली आज केवल दक्षिण एशिया का राजनीतिक केंद्र नहीं, बल्कि वैश्विक विमर्श का भी एक प्रमुख स्थल बन चुकी है। युद्धग्रस्त मध्य पूर्व की पृष्ठभूमि में यह उपस्थिति विशेष अर्थ रखती हैः जब हथियार बोल रहे हों, तब संवाद के लिए इतनी बड़ी अंतरराष्ट्रीय भागीदारी स्वयं में एक संदेश है। साथियों बात अगर हम इस वर्ष के प्रमुख अतिथि की बात करें तो वें हैं फिनलैंड के राष्ट्रपति, जो 5-7 मार्च तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। लगातार आठ वर्षों तक विश्व के सबसे खुशहाल देशों में शीर्ष स्थान पाने वाले फिनलैंड का नेतृत्व कर रहे स्टब का मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होना कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है। एक ओर यह भारत-फिनलैंड द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई देने का अवसर है; दूसरी ओर यह संकेत भी है कि यूरोप के छोटे लेकिन तकनीकी रूप से अत्यंत उन्नत देश भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। रक्षा, साइबर सुरक्षा, 5जी /6जी , क्वांटम तकनीक




और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग परविशेष जोर है। फिनलैंड की तकनीकी दक्षता और भारत का विशाल बाजार व प्रतिभा-संसाधन,दोनों मिलकर भविष्य की साझेदारी का आधार बन सकते हैंभारतीय पीएम ने ने स्टब का स्वागत करते हुए स्पष्ट किया कि यह यात्रा केवल औपचारिकता नहीं,बल्कि रणनीतिक गहराई का विस्तार है।बदलते भू- राजनीतिक समीकरणों में भारत यूरोप के साथ अपने संबंधों को संतुलित औरविविधीकृत कर रहा है। यूक्रेन युद्ध,नाटो की विस्तारवादी बहस,और रूस- पश्चिम तनाव के बीच भारत का यूरोपीय देशों से संवाद एक स्वतंत्र विदेश नीति की पुष्टि करता हैफिनलैंड के साथ संभावित एमओयू रक्षा उत्पादन, हरित ऊर्जा, और डिजिटल नवाचार जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। साथियों बात अगर हम सम्मेलन की विषय-सूची समय की चुनौतियों को समझने की करें तो यह समय का व्यापक मानचित्र प्रस्तुत करती है। विवादित सीमाएंः शक्ति, ध्रुवीयता और परिधि सत्र उस वास्तविकता को संबोधित करता है जिसमें सीमा-विवाद केवल भूगोल का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता,संसाधनों औरसामरिक प्रभुत्व का मुद्दा बन चुके हैं। रिपेयरिंग द कॉमन्सः न्यू ग्रुप्स, न्यू गार्डियंस, न्यू एवेन्यूज वैश्विक सार्वजनिक संसाधनों समुद्र, साइबर स्पेस, जलवायु की रक्षा में नएसहयोगी ढांचे की खोज करता है। व्हाइट व्हेलः द परस्यूट ऑफ एजेंडा 2030 संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति पर प्रश्न उठाता है, विशेषकर तब जब कई देश युद्ध और ऋण- संकट से जूझ रहे हैं। द इलेवन्थ आवरः क्लाइमेट, कॉन्फ्लिक्ट एंड द कॉस्ट ऑफ डिलेजलवायु परिवर्तन और संघर्ष के अंतर्संबंधों को उजागर करता है। टुमॉरोलैंडःटुवर्ड्स ए टेक- टॉपिया और ट्रेड इन द टाइम ऑफ टैरिफ्स तकनीकी शासन, आपूर्ति श्रृंखला की लचीलापन और व्यापारिक संरक्षणवाद के युग में आर्थिक पुनर्रचना की चर्चा करते हैं।

**साथियों बात अगर हम सम्मेलन में विशेष विषयों की करें तो विशेष उल्लेखनीय है कि** - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल गवर्नेंस और सप्लाई चेन रेजिलिएंस जैसे विषय केंद्रीय एजेंडा में हैं। कोविड-19 महामारी और उसके बाद के भू-राजनीतिक तनावों ने यह स्पष्ट कर दिया कि आपूर्ति श्रृंखलाओं का अत्यधिक केंद्रीकरण जोखिमपूर्ण है। भारत चीन-प्लस-वन रणनीति के संदर्भ में विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स का वैकल्पिक केंद्र बनने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में रायसीना डायलॉग नीति- निर्माताओं और उद्योग जगत के लिए एक साझा मंच प्रदान करता है, जहां व्यापारिक साझेदारियां और रणनीतिक निवेश की संभावनाएं आकार लेती हैं।मध्य पूर्व के संकट के बीच अमेरिका की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है।अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व डिप्टी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट क्रिस्टोफर लैंडौ कर रहे हैं। यह उपस्थिति दर्शाती है कि वैश्विक संघर्षों में उलझा होने के बावजूद वॉशिंगटन नई दिल्ली के साथ संवाद को प्राथमिकता देता है भारत-अमेरिका संबंध पिछले दशक में रक्षा, तकनीक और इंडो- पैसिफिक रणनीति के संदर्भ में गहरे हुए हैं। फिर भी भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता की नीति पर कायम है वह अमेरिका, रूस, यूरोप और पश्चिम एशिया सभी के साथ संवाद बनाए रखता है। यही संतुलन उसे एक विश्वसनीय मध्यस्थ और स्वतंत्र शक्ति के रूप में स्थापित करता है।साथियों बात अगर हमरायसीना डायलॉग क़े एक महत्वपूर्ण पहलू को समझने की करें तो वह इसका मल्टी-स्टेकहोल्डर स्वरूप है। यहां केवल सरकारें नहीं, बल्कि थिंक टैंक, उद्योग जगत, स्टार्टअप, सैन्य विश्लेषक और युवा भी भाग लेते हैं। यह संरचना 21वीं सदी की उस वास्तविकता को स्वीकार करती है जिसमें शक्ति केवल राज्यों तक सीमित नहीं रही। तकनीकी कंपनियां, डिजिटल प्लेटफॉर्म और निजी निवेशक भी वैश्विक राजनीति को प्रभावित करते हैं। इसलिए सम्मेलन का विमर्श पारंपरिक कूटनीति से आगे बढ़कर समावेशी नीति-निर्माण की दिशा में जाता है।भारत के लिए यह आयोजन प्रतीकात्मक से अधिक व्यावहारिक महत्व रखता है। एक ओर यह वैश्विक मंच पर उसकी साख को मजबूत करता है; दूसरी ओर यह आर्थिक अवसरों, तकनीकी सहयोग और रक्षा साझेदारियों के द्वार खोलता है। जब दुनिया के कई हिस्सों में अस्थिरता है, तब स्थिर लोकतांत्रिक व्यवस्था और तेज आर्थिक विकास दर भारत को आकर्षक साझेदार बनाते हैं। नई दिल्ली का संदेश स्पष्ट है,भारत केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक एजेंडा-निर्माता बनने की आकांक्षा रखता है।फिनलैंड के साथ रक्षा और हाई-टेक सहयोग की चर्चा इस आकांक्षा का व्यावहारिक आयाम है। उत्तरी यूरोप का यह देश साइबर सुरक्षा,आर्टिफिशियलइंटेलिजेंस शिक्षा मॉडल और हरित प्रौद्योगिकी में अग्रणी है। भारत अपनी 'आत्मनिर्भर रक्षा' नीति के तहत उन्नत तकनीक और संयुक्त उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यदि दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अनुसंधान सहयोग बढ़ता है, तो यह इंडो-पैसिफिक और यूरोपीय सुरक्षा के बीच सेतु का काम कर सकता है। साथियों बात अगर हम रायसीना डायलॉग क़े व्यापक प्रभाव को समझने की करें तो इस तथ्य में भी निहित है कि यह केवल नीति-निर्माताओं का सम्मेलन नहीं, बल्कि नैरेटिव का निर्माण स्थल भी है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कथ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शक्ति-संतुलन। भारत इस मंच के माध्यम से यह स्थापित करता है कि वह संघर्षों का पक्षकार नहीं, बल्कि समाधान का सहभागी है। वह वैश्विक दक्षिण की आवाज भी है और विकसित देशों का रणनीतिक भागीदार भी। यही दोहरी पहचान उसे विशिष्ट बनाती है।मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच यह सम्मेलन एक और संदेश देता है युद्ध अनिवार्य नहीं है, विकल्प मौजूद हैं। संवाद, सहयोग और सामूहिक उत्तरदायित्व के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। जलवायु परिवर्तन, साइबर खतरे, आर्थिक असमानता और आतंकवाद जैसे मुद्दे सीमाओं से परे हैं; इनका समाधान भी सीमाओं से परे सहयोग से ही संभव है। रायसीना डायलॉग इसी बहुपक्षीय सहयोग की प्रयोगशाला है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि 5-7 मार्च 2026 का यह आयोजन भारत की विदेश नीति की परिपक्वता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन है। युद्ध की पृष्ठभूमि में आयोजित यह सम्मेलन दर्शाता है कि नई दिल्ली केवल घटनाओं की प्रतिक्रियात्मक दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय एजेंडा-निर्माता है। संस्कारः दृढ़ता, सामंजस्य, प्रगति केवल सम्मेलन की थीम नहीं, बल्कि उस विश्व-दृष्टि का सार है जिसे भारत आगे बढ़ाना चाहता है-एक ऐसा विश्व जहां प्रतिस्पर्धा हो, पर टकराव नहीं; जहां विविधता हो, पर विभाजन नहीं; और जहां प्रगति हो, पर असंतुलन नहीं। यदि यह संदेश वैश्विक नीति-निर्माताओं के बीच प्रतिध्वनित होता है,तो रायसीना डायलॉग 2026 केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि बदलती विश्व-व्यवस्था में भारत की निर्णायक उपस्थिति का ऐतिहासिक अध्याय सिद्ध होगा।

**-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**

# मुस्कान के सूत्रधारः सेहतमंद दांत और आपके आत्मविश्वास का राज



लेखक- दिलीप कुमार पाठक

हमारा शरीर एक मशीन की तरह है और हमारे चेहरे की खूबसूरती हमारी मुस्कान से जुड़ी होती है। इस मुस्कान को बनाए रखने और दांतों को बीमारियों से बचाने का पूरा श्रेय हमारे दंत चिकित्सकों यानी डेंटिस्ट को जाता है। हर साल 6 मार्च का दिन विशेष रूप से उन डॉक्टरों को समर्पित है जो बड़ी मेहनत और बारीकी से हमारे दांतों की समस्याओं को ठीक करते हैं। यह दिन केवल डॉक्टरों को शुक्रिया कहने का ही नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि हमारे दांतों की सेहत कितनी जरूरी है। अक्सर लोग छोटी-मोटी बीमारियों के लिए तो डॉक्टर के पास चले जाते हैं, लेकिन दांतों के दर्द को मामूली समझकर टाल देते हैं। सच तो यह है कि हमारे पूरे शरीर की सेहत का रास्ता हमारे मुंह से होकर ही जाता है। अगर हमारा मुंह साफ नहीं होगा, तो शरीर का पूरी तरह स्वस्थ रहना बहुत मुश्किल है। पुराने समय से ही दांतों का इलाज करने की परंपरा रही है, लेकिन आज के समय में यह तकनीक बहुत आगे बढ़ चुकी है। एक डेंटिस्ट का काम केवल खराब दांत निकालना या कैविटी भरना ही नहीं होता, बल्कि वे एक इंजीनियर की तरह हमारे जबड़े की बनावट को समझते हैं और एक कलाकार की तरह हमारे चेहरे की मुस्कान को सुंदर बनाते हैं। आज के दौर में बहुत से लोग अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए डेंटिस्ट की मदद लेते हैं, जिससे न केवल वे सुंदर दिखते हैं बल्कि उनका सामाजिक आत्मविश्वास भी बढ़ता है। आजकल की बिगड़ती जीवनशैली हमारे दांतों की सबसे बड़ी दुश्मन बन गई है। बाहर का खाना, ज्यादा मीठी चीजें, कोल्ड ड्रिंक्स और तंबाकू का सेवन हमारे दांतों की जड़ों को कमजोर कर रहा है। डेंटिस्ट हमें बार-बार समझाते हैं कि दांतों की ऊपरी परत एक बार खराब हो जाए तो वह कुदरती रूप से दोबारा नहीं बनती। मसूड़ों से खून आना या सांसों की बदबू जैसी समस्याएं केवल शर्मिंदगी ही नहीं लातीं, बल्कि डॉक्टरों का मानना है कि मुंह की गंदगी की वजह से दिल की बीमारियां और शुगर जैसी परेशानियां भी बढ़ सकती हैं। इसलिए डेंटिस्ट को केवल दांतों का डॉक्टर समझना गलत होगा, वे हमारे पूरे शरीर की रक्षा करते हैं। विज्ञान की तरक्की की वजह से अब दांतों का इलाज बहुत आसान और दर्द रहित हो गया है। वह समय चला गया जब लोग डेंटिस्ट के पास जाने से डरते थे। अब ऐसी आधुनिक मशीनें और दवाएं आ गई हैं कि इलाज के दौरान दर्द का पता भी नहीं चलता। बच्चों के लिए तो डेंटिस्ट और भी जरूरी हैं। बचपन में दांतों की सही देखभाल ही आगे चलकर मजबूत और सीधे दांतों की बुनियाद बनती है। विशेषज्ञ बच्चों को खेल-खेल में ब्रश करने का सही तरीका सिखाते हैं, जो पूरी उम्र उनके काम आता है। हमें इस गलतफहमी को भी दूर करना चाहिए कि डेंटिस्ट के पास जाना बहुत महंगा पड़ता है। हकीकत में, अगर हम समय-समय पर अपने दांतों की जांच करवाते रहें, तो बड़ी बीमारियों और महंगे इलाज की नौबत ही नहीं आएगी। दांत भगवान का दिया हुआ वह अनमोल तोहफा हैं जो एक बार चले जाएं, तो दोबारा असली जैसे नहीं मिल सकते। नकली दांत केवल काम चला सकते हैं, पर वे असली दांतों जैसी मजबूती कभी नहीं दे सकते। इसके साथ ही, हमें यह भी समझना होगा कि दांतों की सफेदी से ज्यादा उनकी मजबूती मायने रखती है। कई बार लोग विज्ञापनों के चक्कर में आकर घरेलू नुस्खों से दांत चमकाने की कोशिश करते हैं, जिससे दांतों की सुरक्षा परत घिस जाती है। एक अनुभवी डेंटिस्ट ही आपको सही सलाह दे सकता है कि आपके दांतों के लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा। आज के समय में डेंटिस्ट केवल क्लिनिक तक सीमित नहीं हैं, वे स्कूलों और गाँवों में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वे हमें सिखाते हैं कि रात को सोने से पहले ब्रश करना सुबह ब्रश करने से भी ज्यादा जरूरी है क्योंकि रात भर की गंदगी ही कीड़े लगने का असली कारण बनती है। एक अच्छी मुस्कान न केवल आपको जवान दिखाती है, बल्कि यह आपके पाचन तंत्र को भी मजबूत रखती है क्योंकि सही ढंग से चबाया हुआ खाना ही शरीर को पोषण देता है। हमें अपने डेंटिस्ट को अपना दोस्त समझना चाहिए और उनसे अपनी समस्याओं पर खुलकर बात करनी चाहिए। याद रखिए, एक छोटी सी लापरवाही भविष्य में बड़ा दर्द दे सकती है। कुल मिलाकर, यह अवसर हमें यह संकल्प लेने का मौका देता है कि हम अपनी मुस्कान की कदर करेंगे।

# नीतीश कुमार का राज्यसभा प्रस्थान : बिहार की राजनीति में नई करवट



लेखक - बिनोद कुमार सिंहः स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार

भारतीय राजनीति में कुछ घटनाएँ केवल सत्ता परिवर्तन की खबर नहीं होतीं,बल्कि वे एक पूरे दौर के अंत और एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत देती हैं।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करना भी ऐसी ही एक घटनाक्रमःहै,जिसने बिहार की राजनीति पर पैनी पकड वालें राजनीतिक पंडिलों में हलचल पैदा कर दी है। .लगभग दो दशकों से बिहार की सत्ता के केंद्र में रहे एक नेता का सक्रिय प्रशासनिक राजनीति से संसद भवन की ओर बढ़ना केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है,बल्कि यह बिहार की राजनीति ,सत्ता संरचना,गठबंधन राजनीति और राष्ट्रीय रणनीति से जुड़ा एक बड़ा राजनीतिक संकेत भी है। नीतीश कुमार लंबे समय से बिहार की राजनीति का पर्याय रहे हैं। लगभग पाँच दशकों से अधिक का उनका राजनीतिक जीवन भारतीय लोकतंत्र की अनेक परतों को अपने भीतर समेटे हुए है।उनका जन्म 1 मार्च 1951 को बिहार के नालंदा जिले के बख्तियारपुर में हुआ। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने राजनीति को अपना जीवन मार्ग बनाया।छात्र जीवन से ही वे राजनीति और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित होकर उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से अपनी सक्रिय राजनीतिक यात्रा शुरू की।1974 के जेपी आंदोलन ने उनके राजनीतिक व्यक्तित्व को दिशा दी और यही आंदोलन आगे चलकर उन्हें बिहार की मुख्यधारा की राजनीति में स्थापित करने का आधार बना। सर्व विदित रहें कि नीतीश कुमार पहली बार वर्ष 1985 में बिहार विधानसभा के लिए चुने गए।इसके बाद उनका राजनीतिक कद धीरे-धीरे बढ़ता गया।वर्ष 1989 में वे पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए और संसद में उनकी सक्रियता ने उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में पहचान दिलाई। 1990 के दशक में वे केंद्र की राजनीति में एक प्रभावशाली नेता के रूप में उभरे और कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में उन्होंने रेल मंत्री, कृषि मंत्री और सतही परिवहन मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया।रेल मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल विशेष रूप से उल्लेख नीय रहा।वर्ष 1998 और 1999 के बीच तथा बाद में 2001 में उन्होंने रेल मंत्रालय का दायित्व संभाला। इसी दौरान बिहार के गयसाल रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा देकर भारतीय राजनीति में एक अलग उदाहरण प्रस्तुत किया।यह कदम उनकी राजनीतिक शैली और जवाबदेही की भावना का प्रतीक माना गया। बिहार की राजनीति में उनका निर्णायक उदय वर्ष 2005 में हुआ जब उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन कर राज्य में सरकार बनाई।उस समय बिहार लंबे समय से राजनीतिक अस्थिरता और प्रशासनिक चुनौतियों से जूझ रहा था।नीतीश कुमार ने 'सुशासन' और विकास के एजेंडे के साथ सत्ता संभाली और राज्य की छवि बदलने का प्रयास किया।सड़कों के निर्माण,विद्यालयों में छात्राओं के लिए साइकिल योजना,महिला सशक्तिकरण और कानून व्यवस्था में सुधार जैसे कदमों ने उन्हें एक विकासवादी नेता की पहचान दी। नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री के रूप में राजनीतिक सफर भी अपने आप में एक रिकॉर्ड है।वे बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नेताओं में शामिल हैं। वर्ष 2000 में वे पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने, हालांकि उस समय वे बहुमत साबित नहीं कर पाए और उनका कार्यकाल केवल कुछ दिनों का रहा। इसके बाद वर्ष 2005 में वे पुनः मुख्यमंत्री बने और तब से लेकर अब तक वे लगभग लगातार बिहार की सत्ता के केंद्र में बने रहे। 2005, 2010, 2015, 2020 और 2024 के बाद के राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच वे कुल मिलाकर दस बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं।इस प्रकार लगभग बीस वर्षों से अधिक समय तक उन्होंने बिहार की राजनीति को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया है। उनकी राजनीतिक यात्रा में कई उतार-चढ़ाव भी आए।उन्होंने समय-समय पर गठबंधन बदले और राजनीतिक समीकरणों को नए सिरे से गढ़ा।कभी वे भाजपा के साथ रहे,कभी राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के साथ महागठबंधन में शामिल हुए, और फिर दोबारा एनडीए के साथ लौट आए।यही कारण है कि उन्हें भारतीय राजनीति का एक अत्यंत व्यावहारिक और रणनीतिक नेता माना जाता है।अब जब उन्होंने राज्यसभा जाने का निर्णय लिया है,तो यह बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत माना जा रहा है।दो दशकों से अधिक समय तक राज्य की सत्ता के केंद्र में रहने के बाद उनका संसद की ओर बढ़ना केवल पद परिवर्तन नहीं बल्कि राजनीतिक भूमिका के विस्तार के रूप में भी देखा जा सकता है। उनके अनुसार संसदीय जीवन की शुरुआत से ही उनकी इच्छा थी कि वे संसद के दोनों सदनों के सदस्य बनें। इसी क्रम में अब वे राज्यसभा के माध्यम से राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं।इस निर्णय के साथ ही बिहार की राजनीति में कई सवाल खड़े हो गए हैं।सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी अब किसके हाथ में जाएगी। पिछले बीस वर्षों में बिहार की राजनीति का एक स्थायी तथ्य यह रहा है कि गठबंधन चाहे जो भी हो, मुख्यमंत्री की कुर्सी पर अक्सर नीतीश कुमार ही दिखाई देते थे।ऐसे में उनके राज्यसभा जाने से सत्ता का नया समीकरण बनना लगभग तय माना जा रहा है।इस पूरे घटनाक्रम का राष्ट्रीय राजनीति से भी गहरा संबंध है।उनके नामांकन के समय केंद्रीय गृह मंत्री का पटना पहुँचना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि यह निर्णय केवल राज्य की राजनीति तक सीमित नहीं है। संभव है कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अधिक सक्रिय भूमिका देने की रणनीति के तहत यह कदम उठाया गया हो। संसद में उनकी उपस्थिति एनडीए के लिए एक अनुभवी और संतुलित नेतृत्व का प्रतीक बन सकती है। विपक्षी दलों ने इस निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने इसे जनता के जनादेश के साथ विश्वासघात बताया है।उनका तर्क है कि यदि जनता ने किसी नेता को मुख्यमंत्री के रूप में चुना है और वह अचानक राज्यसभा की ओर चला जाता है तो यह लोकतांत्रिक भावना के विपरीत है।वही दूसरी ओर एनडीए के नेता इसे नीतीश कुमार का व्यक्तिगत और स्वाभाविक निर्णय बता रहे हैं।राजनीतिक विश्लेषण की दृष्टि से देखा जाए तो इस निर्णय के कई संभावित परिणाम हो सकते हैं। यदि बिहार में नया नेतृत्व उभरता है तो राज्य की राजनीति में नई ऊर्जा और नई प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है।भाजपा और जेडीयू के बीच सत्ता संतुलन का नया समीकरण भी बन सकता है।वहीं विपक्ष इस मुद्दे को जनता के बीच एक राजनीतिक अवसर के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करेगा। यह भी स्पष्ट है कि नीतीश कुमार का प्रभाव अचानक समाप्त होने वाला नहीं है। उनका अनुभव, उनकी राजनीतिक समझ और प्रशासनिक क्षमता अभी भी बिहार की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। संभव है कि वे राज्यसभा में रहते हुए भी बिहार की राजनीति के मार्गदर्शक बने रहें और राज्य के विकास संबंधी निर्णयों पर उनका प्रभाव बना रहे। समग्र रूप से देखा जाए तो नीतीश कुमार का राज्यसभा की ओर बढ़ना बिहार की राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। लगभग पाँच दशक की सक्रिय राजनीति और दो दशकों की सत्ता के बाद उनका यह निर्णय एक नए राजनीतिक युग की शुरुआत का संकेत देता है। यह परिवर्तन बिहार की राजनीति को किस दिशा में ले जाएगा, यह आने वाला समय तय करेगा। इतना निश्चित है कि बिहार की राजनीति अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है; जहाँ पुराने अनुभव और नए नेतृत्व के बीच संतुलन स्थापित करना सबसे बड़ी चुनौती होगा। नीतीश कुमार का यह कदम आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति की दिशा और बिहार की सत्ता संरचना दोनों को प्रभावित कर सकता है।

# बंद होते हवाई अड्डेः हवा हवाई होती हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा



लेखिका- निर्मल रानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में सूरत में पहली बार कहा था कि सरकार का लक्ष्य है कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करे। मोदी ने अक्टूबर 2025 में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन पर भी यही दोहराया कि 2014 से उनका सपना था कि हवाई चप्पल वाला भी हवाई सफ़र करे। बेशक प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य ग़रीबों को हवाई यात्रा मुहैया कराने की सोच को दर्शाता है।इसी मक़सद से उड़ान योजना की शुरुआत की गयी थी।UDAN अर्थात उड़े देश का आम नागरिक। इस योजना का उद्देश्य छोटे शहरों, टियर-2 और टियर-3 इलाक़ों को हवाई संपर्क से जोड़ना और हवाई यात्रा को सस्ता बनाना था। आंकड़ों के मुताबिक़ 2014 में भारत में लगभग 74 सक्रिय हवाई अड्डे थे जिनकी संख्या 2026 के प्रारंभ तक बढ़कर 160-162 तक हो गयी। इनमें से उड़ान योजना के अंतर्गत एयरपोर्ट, हेलीपोर्ट और वॉटर एयरोड्रोम सहित 93 हवाई अड्डे या तो नए विकसित किये गये या फिर उन्हें पुनर्जीवित किया गया। इनमें से अधिकांश नए या अपग्रेडेड हवाई अड्डे देश के अनेक छोटे शहरों में हैं। गोया कुल मिलाकर गत 10-12 वर्षों में 90 से अधिक नए अथवा सक्रिय हवाई अड्डे जोड़े गए हैं। बताया जा रहा है कि सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश भर में 400 से अधिक हवाई अड्डे बनाना है ताकि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके अर्थात ग़रीबों का सस्ती हवाई यात्रा का सपना साकार किया जा सके। परंतु पिछले दिनों देश के केवल एक ही राज्य उत्तर प्रदेश से प्राप्त ख़बरों के अनुसार 2021 के बाद उड़ान योजना के अंतर्गत शुरू किये गये 7 नए हवाई अड्डों में से 6 पर नियमित कामर्शियल उड़ानें बंद हो चुकी हैं। धार्मिक पर्यटन के चलते इस समय केवल अयोध्या स्थित महर्षि बाल्मीकि अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा ही सक्रिय है। हालाँकि अयोध्या का यह हवाई अड्डा भी आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तो ज़रूर घोषित किया गया है परन्तु अंतर्राष्ट्रीय शब्द केवल नाम तक ही सीमित है। वास्तव में अयोध्या का यह महर्षि बाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वर्तमान में केवल भारत के भीतर सीमित घरेलू उड़ानें ही संचालित करता है और अभी तक किसी दूसरे देश के लिए यहाँ से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू नहीं हुई हैं। अलबत्ता यहाँ से संचालित कुछ स्वदेशी मार्गों जैसे कोलकाता, पटना आदि की उड़ानें भी अस्थायी रूप से बंद ज़रूर हो चुकी हैं। केवल उत्तर प्रदेश देश में जिन हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन फ़िलहाल बंद हो चुका है उनमें कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट,आज़मगढ़ एयरपोर्ट,चित्रकूट एयरपोर्ट,श्रावस्ती एयरपोर्ट,मुरादाबाद एयरपोर्ट तथा अलीगढ़ एयरपोर्ट के नाम उल्लेखनीय हैं। इसी तरह पंजाब में पठानकोट व लुधियाना, सिक्किम में पेक्यांग,गुजरात के भावनगर,छत्तीसगढ़ का अंबिकापुर,ओड़ीसा का राउरकेला,मध्य प्रदेश का दतिया,कर्नाटक का कलबुर्गी व हिमाचल के शिमला के हवाई अड्डों के बंद होने की ख़बरें हैं। सैकड़ों करोड़ की लागत से बनाये गये यह हवाई अड्डे कहीं कम पैसेंजर ट्रैफ़िक के कारण अर्थात यात्रियों की कमी के चलते बंद करने पड़े तो कहीं ख़राब दृश्यता , इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की कमी या एयरलाइंस कंपनियों की संचालन में रुचि न होने के कारण बंद करने पड़े। कहीं पास के बड़े हवाई अड्डों के कारण यात्री न मिलने की वजह से बंद कर दिये गए तो कुछ तकनीकी व इंफ्रास्ट्रक्चर समस्याओं जैसे छोटे एयरपोर्ट पर हैंगर, फ़्यूल , स्टाफ़ की कमी के कारण भी बंद हुये। एक अनुमान के अनुसार UDAN के अंतर्गत बिना किसी उड़ान के ही इन 15 नॉन-ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स के रखरखाव और सिक्योरिटी पर पिछले 8 वर्षों में लगभग 878-900 करोड़ रूपये ख़र्च किये जा चुके हुए हैं जबकि कुल UDAN एयरपोर्ट्स के विकास पर 4,600 करोड़ से भी अधिक ख़र्च होने का अनुमान है। परन्तु सरकार को इससे कोई लाभ नहीं हुआ। इसी तरह एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इण्डिया AAI के 81 एयरपोर्ट्स पर पिछले 10 वर्षों में 10,853 करोड़ के कुल घाटे का अनुमान है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे योजना की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या बंद होने वाले हवाई अड्डों या घाटे में चलने वाले हवाई अड्डों को शुरू करते समय या इनकी योजना बनाते वक़्त क्या इस बात का सही आंकलन नहीं किया गया कि यह हवाई अड्डे भविष्य में सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगे या नहीं ? क्या वजह है कि कल की यह लोकलुभावन योजनायें आज मात्र सफ़ेद हाथी बनकर रह गयी हैं ? एक सवाल यह भी है कि हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करें जैसी लोकलुभावन बातें कर इस तरह की योजनायें केवल चुनावी लाभ लेने के कारण बनाई गयी थीं ? साथ ही एक सवाल यह भी कि जिस देश में रेल व बस जैसी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार की भारी ज़रूरत हो,जहां अभी तक ट्रेन में यात्रियों को समय पर आरक्षित सीटें उपलब्ध न हो पाती हों,हद तो यह है कि अनेक दूरगामी ट्रेन्स में पैर रखने,खड़े होने यहाँ तक कि यात्रियों के डिब्बों में घुस पाने तक की जगह न मिल पाती हो,जहां आज भी यात्री ट्रेन्स में लटककर और अपनी जान को ज़ोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हों वहां इस तरह की शर्मसार कर देने वाली सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार करने व इन्हें व्यवस्थित करने के बजाये ऐसे नये हवाई अड्डे बनाना जोकि शीघ्र ही बंद भी करने पड़ जायें,क्या ऐसा क़दम जनता के पैसों की बर्बादी नहीं है ?

## ईपीएल- न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों से मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराया

### पेड्रो की हैट्रिक से चेल्सी जीती, आर्सनल 20वीं जीत से टॉप पर कायम

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में गुरुवार रात बड़े उलटफेर देखने को मिले। न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को हरा दिया। जोआओ पेड्रो की हैट्रिक से चेल्सी ने एस्टन विला को 4-1 से हराया। आर्सनल ने टूर्नामेंट में 20वीं जीत से नंबर-1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वहीं नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 10 बार की चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को ड्रॉ पर रोक दिया।

मैनचेस्टर यूनाइटेड की छठी हार

न्यूकैसल के सेंट जेम्स पार्क में बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। फर्स्ट हाफ के इंजरी टाइम में जैकब रेम्सी 2 यलो कार्ड मिलने के कारण मैच से बाहर हो गए। 10 प्लेयर्स के बावजूद टीम ने 2-1 से मैच जीता और पॉइंट्स टेबल में 12वां स्थान हासिल कर लिया। इस हार के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड तीसरे नंबर पर ही मौजूद है। न्यूकैसल के एंथनी गॉर्डन ने पेनल्टी को गोल में बदला और टीम को 1-0 से आगे कर दिया। न्यूकैसल के विलियम ओसुला ने आखिरी मिनट में गोल किया और अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

चेल्सी की एस्टन विला पर डोमिनेटिंग जीत

बर्मिंघम के विला पार्क में चौथे और पांचवें नंबर की टीम के बीच रोमांचक मुकाबले के उम्मीद थी, लेकिन चेल्सी ने 4-1 के अंतर से एकतरफा मैच जीत लिया।विला के डगलस लुइज ने मैच का पहला गोल दागा और अपनी टीम को आगे कर दिया।चेल्सी के जोआओ पेड्रो ने गोल किया और स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। जोआओ पेड्रो ने अपना दूसरा गोल किया और चेल्सी को 2-1 से आगे कर दिया। फर्स्ट हाफ के बाद एस्टन विला वापसी नहीं कर सकी।

## रणजी चैंपियन जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मुलाकात की

- राज्य में क्रिकेट को बढ़ावा देने पर आभार जताया, बीसीसीआई ने फोटोज शेयर किए

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर ने 67 साल में पहला रणजी ट्रॉफी जीता है। इस जीत के बाद टीम के खिलाड़ियों ने आईसीसी के चैयरमैन जय शाह से मुलाकात की। बीसीसीआई ने गुरुवार को फोटोज शेयर किए हैं। खिलाड़ियों ने जम्मू-कश्मीर में क्रिकेट को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए जय शाह को धन्यवाद दिया।रणजी ट्रॉफी का पहला खिताब जीतने के बाद जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मिलने की इच्छा जताई।

**जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मिलने की इच्छा जताई-** बीसीसीआई ने एक्स पर बताया कि रणजी ट्रॉफी का पहला खिताब जीतने के बाद जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मिलने की इच्छा जताई। खिलाड़ियों ने कहा कि बीसीसीआई के सचिव रहते हुए जय शाह की लीडरशिप ने राज्य में क्रिकेट को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। बीसीसीआई ने अपने पोस्ट में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक जीत की तारीफ की और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जय शाह का धन्यवाद किया। जम्मू-कश्मीर ने 67 साल का बाद 2025-26 सीजन में अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता।

# रेणुका सिंह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट से बाहर

### वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दिया, काशवी गौतम को मौका, आज पर्थ में मुकाबला

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट से पहले इंडिया विमेंस ने तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दे दिया। उनकी जगह ऑलरांडर काशवी गौतम को टीम में जगह मिली। काशवी वनडे सीरीज का भी हिस्सा थीं।

**लगातार क्रिकेट खेल रही थीं रेणुका**

मेडिकल टीम ने बीसीसीआई से कहा कि रेणुका लगातार क्रिकेट खेल रही हैं। विमेंस प्रीमियर लीग के बाद उन्होंने टीम के लिए सभी मैच खेले। फिटनेस और टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए उन्हें टेस्ट से आराम दे देना चाहिए। बीसीसीआई ने कहा, पर्थ के वाका में होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए रेणुका उपलब्ध नहीं रहेंगी। उनके वर्कलोड को बेहतर मैनेज करने के लिए यह फैसला लिया गया। मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखेगी।

**रेणुका ने टी-20 और वनडे सीरीज में पूरे मैच खेले-** इंडिया विमेंस फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में मल्टी फॉर्मेट सीरीज खेलने के लिए गई हैं। रेणुका ने 3 टी-20 में 4 विकेट लिए, वहीं 3 वनडे में वे 2 विकेट ही अपने नाम कर सकीं।

**सीरीज में 8-4 से आगे ऑस्ट्रेलिया-** भारत ने टी-20 सीरीज 2-1 से जीती। वनडे सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती। ऑस्ट्रेलिया में विमेंस क्रिकेट सीरीज में हर मैच के अलग-अलग पॉइंट्स होते हैं। व्हाइट बॉल मैच जीतने पर 2 पॉइंट्स मिलते हैं। इसलिए ऑस्ट्रेलिया के 8 और भारत के पास 4 पॉइंट्स हैं। अगर भारत ने टेस्ट जीत लिया तो दोनों के 8-8 पॉइंट्स हो जाएंगे और सीरीज ड्रॉ रहेगी। टेस्ट ड्रॉ होने पर दोनों टीमों को 2-2 पॉइंट्स मिलेंगे, ऐसे में ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया के पास चली जाएगी।

**इंडिया विमेंस की अपडेटेड टेस्ट टीम-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज, हरलीन देओल, प्रतिका रावल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर),




अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली साटघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, काशवी गौतम और वैष्णवी शर्मा।

## वर्ल्ड चैंपियन गुकेश को ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने हराया

- प्राग चेस फेस्टिवल में आखिरी नंबर पर पहुंचे; 19 रेटिंग पॉइंट्स भी कटे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को प्राग इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल 2026 में भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद लाइव चेस रैंकिंग में गुकेश 20वें स्थान पर पहुंच गए। वे टूर्नामेंट में आखिरी नंबर पर चल रहे हैं।

**गुकेश 6 राउंड के बाद 3 गेम हारे-** दिसंबर 2024 में वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद गुकेश पर लगातार दबाव बना हुआ है। प्राग में चल रहे इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अब तक खास नहीं रहा। टूर्नामेंट में 6 राउंड के बाद वे 3 मुकाबले हार चुके हैं, जबकि बाकी 3 मैच ड्रॉ रहे। खराब प्रदर्शन के कारण उनके 19 रेटिंग पॉइंट्स भी कम हो गए। समय कम होने के कारण तेजी से चाल चलनी पड़ी

मंगलवार को खेले गए मुकाबले में मैच के आखिरी फेज में गुकेश से बड़ी गलती हो गई। समय कम होने के कारण उन्हें 35वीं से 40वीं चाल तक तेजी मूव करना पड़ा।

### गुकेश ड्रॉ करा सकते थे मुकाबला

मैच के बाद अरविंद चिदंबरम ने बताया कि 37वीं चाल में 'एफ4' खेलना गुकेश के लिए भारी साबित हुआ। इस चाल से उनके नाइट (घोड़े) को एफ3 और एफ2 जैसी जगहों तक पहुंचने का मौका मिला। अगर उस समय गुकेश रूक (हाथी) डी2 चलते तो मुकाबला ड्रॉ की ओर जा सकता था।

## हरियाणा का आयरन मैन अर्जेंटीना में लड़ेगा बड़ी फाइट

- 26 साल छोटे फ्रेंच फाइटर को चुनौती देंगे संग्राम सिंह, 5 अप्रैल को मुकाबला

**सोनीपत (एजेंसी)।** हरियाणा के दिग्गज एमएमए फाइटर संग्राम सिंह एक बार फिर इतिहास रचने की दहलीज पर खड़े हैं। प्रोफेशनल रेसलिंग से मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) की दुनिया में कदम रखने वाले संग्राम अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का झंडा बुलंद करने जा रहे हैं।

5 अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स में आयोजित होने जा रहे समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) में संग्राम सिंह मुख्य मुकाबले में उतरेंगे। यह सिर्फ एक फाइट नहीं, बल्कि भारतीय एमएमए इतिहास का वह क्षण होगा जब पहली बार कोई भारतीय फाइटर अर्जेंटीना की धरती पर प्रतिस्पर्धा करेगा। संग्राम सिंह अपनी उम्र से 26 साल छोटे फ्रांस के उभरते हुए फाइटर माटेओ मोंटेइरो के साथ फाइट करेंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है कि इतनी ज्यादा उम्र में तेज-तर्रार युवक से संग्राम फाइट करेंगे। 5 अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स में आयोजित होने जा रहे समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) में संग्राम सिंह मुख्य मुकाबले में उतरेंगे।

### रोजाना 6 घंटे कर रहे प्रैक्टिस

संग्राम भारतीय और रशियन कोच की निगरानी में रोज 6 घंटे प्रैक्टिस कर रहे हैं। पिछले दिनों संग्राम सिंह पेरिस, थाईलैंड और बाली में ट्रेनिंग शेड्यूल पूरा करके आए थे। खास बात ये है कि हरियाणवी फाइटर शुद्ध शाकाहार पर निर्भर हैं। दूध-घी-चूरमा उनकी डाइट का अहम हिस्सा है। संग्राम सिंह दो बार एमएमए खिताब जीत चुके हैं। इंग्लैंड के पहली बार केज में उतरेंगे।




### फाइट विनर को एक करोड़ इनाम

अर्जेंटीना में आयोजित इस फाइट को विनर को प्राइज में लगभग एक करोड़ रुपए मिलेंगे। साथ ही रैंक में सुधार होगा। फाइट के टिकट की कीमत 50 हजार रुपए तक है। उसके बाद टाइटल खेलने के लिए मौका मिलता है। टाइटल के दौरान करोड़ों रुपए मिलते हैं। संग्राम सिंह ने पिछली फाइट 2 नवंबर 2025 को नीदरलैंड में लड़ी और जीती।

### फ्रेंच चैलेंजर माटेओ मोंटेइरो से मुकाबला

एसएफएच 28 के मुख्य मुकाबले में संग्राम सिंह का सामना फ्रांस के उभरते हुए फाइटर माटेओ मोंटेइरो से होगा। यह मुकाबला एशिया और यूरोप की प्रतिभा के बीच जोरदार टकराव माना जा रहा है। जहां संग्राम अपने अनुभव और रणनीतिक परिपक्वता के साथ उतरेंगे, वहीं मोंटेइरो युवा जोश और आक्रामकता के दम पर अपनी पहचान मजबूत करना चाहेंगे। खेल से जुड़े एक्सपर्ट कहते हैं कि संग्राम को इस मुकाबले में बेहद सधे हुए अंदाज में उतरना होगा, क्योंकि मामूली गलती भी इस तरह के फाइटर के सामने भारी पड़ सकती है। ये अनुभव बनाम आक्रामकता की टक्कर होगी।

**जीतने के लिए जा रहा अर्जेंटीना- संग्राम-** अपने तीसरे अंतरराष्ट्रीय एमएमए मुकाबले को लेकर दैनिक भास्कर एप से बातचीत में कहा रेसलिंग और एमएमए अलग दुनिया मानी जाती हैं, मुकाबले के लिए लगातार मेहनत की जा रही है, लेकिन अनुशासन, फिटनेस और योद्धा भावना हर मंच पर काम आती है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना में वह केवल हिस्सा लेने नहीं, बल्कि जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेंगे।

**व्यापार**


## कतर ने रोका एलएनजी का उत्पादन, सप्लाई में कटौती, शहरी क्षेत्र में संकट की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कतर ने अपने ऊर्जा संयंत्रों पर हुए हमलों के बाद एलएनजी का उत्पादन रोक दिया है। इससे भारत को होने वाली आपूर्ति प्रभावित हुई है और प्रमुख घरेलू क्षेत्रों के लिए ईंधन की उपलब्धता का संकट खड़ा हो गया है। भारत अपनी गैस आवश्यकताओं के एक बड़े हिस्से के लिए कतर के साथ दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंधों पर निर्भर है। कतर से खेप का आवागमन अस्थायी रूप से रुकने के कारण औद्योगिक उपभोक्ताओं और शहरी गैस वितरण कंपनियों की आपूर्ति में 40 प्रतिशत तक की कटौती देखी गई है। जहां कुछ औद्योगिक इकाइयां वैकल्पिक ईंधन का उपयोग कर सकती हैं, वहीं सीएनजी बेचने वाले शहरी गैस क्षेत्र ने गंभीर संकट की चेतावनी दी है। सीजीडी कंपनियों का कहना है कि कतर की सस्ती गैस के स्थान पर दोगुनी कीमत वाली स्पॉट एलएनजी खरीदने से सीएनजी का मूल्य लाभ समाप्त हो जाएगा, जिससे ग्राहक स्थायी रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर सकते हैं। भारत सालाना 2.7 करोड़ टन एलएनजी का आयात करता है, जिसमें से 40 प्रतिशत हिस्सा अकेले कतर से आता है।

## सोना-चांदी भाव- गोल्ड-सिल्वर के रेट में बदलाव, खरीदें या गिरावट का करें इंताजार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोना-चांदी भाव एमसीएक्स पर अप्रैल वायदा सोना 1,63,142 प्रति 10 ग्राम तक 1,600 या 1 प्रतिशत ऊपर पहुंच गया। वहीं, मई चांदी वायदा ?2,70,501 प्रति किलो पर लगभग 2 प्रतिशत चढ़ी। बुधवार को सोना 1,61,525 पर 0.30 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ था, जबकि चांदी ?2,65,560 पर लगभग स्थिर रही।

इंदी भाव- एमसीएक्स पर आज गुरुवार, 5 मार्च को सुबह सोना लगभग 1 प्रतिशत चढ़ गया। यह अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से हुआ।



हालांकि, डॉलर की मजबूती और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कटौती की उम्मीद कमजोर होने से सोने की तेजी सीमित रही। एमसीएक्स पर अप्रैल वायदा सोना 1,63,142 प्रति 10 ग्राम तक 1,600 या 1 प्रतिशत ऊपर पहुंच गया। वहीं, मई चांदी वायदा ?2,70,501 प्रति किलो पर लगभग 2 प्रतिशत चढ़ी। बुधवार को सोना ?1,61,525 पर 0.30त्न ऊपर बंद हुआ था, जबकि चांदी ?2,65,560 पर लगभग स्थिर रही। डॉलर इंडेक्स 0.20त्न चढ़कर 98.98 पर पहुंच गया, जिससे अन्य मुद्राओं में डॉलर-आधारित सोना महंगा हो गया। इस हफ्ते डॉलर 1त्न से ज्यादा मजबूत हुआ है, क्योंकि अमेरिका-ईरान युद्ध से कमोडिटी कीमतें बढ़ने और महंगाई का दबाव बढ़ने से फेड की दर कटौती में देरी की आशंका है। भू-राजनीतिक अस्थिरता के दौरान सोना-चांदी जैसे कीमती धातु सुरक्षित निवेश बन जाते हैं।

## पेंट कंपनियों की होली हुई बेरंग! बाजार खुलते ही आज फिर औंधे मुंह गिरे स्टॉक्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर में होली का उत्सव मनाया जा रहा है, लेकिन शेयर बाजार में पेंट सेक्टर के लिए माहौल उत्साहजनक नहीं है। त्योहार के दिन बाजार खुला जरूर है, मगर निवेशकों ने पेंट कंपनियों से दूरी बना रखी है। पिछले कारोबारी सत्र में आई तेज गिरावट के बाद 4... देशभर में होली का उत्सव मनाया जा रहा है, लेकिन शेयर बाजार में पेंट सेक्टर के लिए माहौल उत्साहजनक नहीं है। त्योहार के दिन बाजार खुला जरूर है, मगर निवेशकों ने पेंट कंपनियों से दूरी बना रखी है। पिछले कारोबारी सत्र में आई तेज गिरावट के बाद 4 मार्च को भी इस सेक्टर में दबाव बना हुआ है।

### दिग्गज कंपनियों के शेयर लाल निशान में

बाजार खुलने के साथ ही पेंट कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। एशियन पेंट का शेयर शुरुआती कारोबार में करीब 2.5त्न टूटकर 2,250 रुपये के आसपास पहुंच गया,जबकि बर्गर पेंट के शेयरों में भी लगभग ढाई प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और भाव 430 रुपये के करीब रहे। वहीं इंडिगो पेंट में करीब 1.5त्न की कमजोरी देखी गई और शेयर 900 रुपये के आसपास कारोबार करते नजर आए। इससे पहले 2 मार्च के कारोबारी दिन भी इन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई थी, जिसके बाद से निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है।

पेंट उद्योग काफी हद तक पेट्रोलियम आधारित कच्चे माल पर निर्भर करता है। ऐसे में जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो कंपनियों की लागत पर सीधा असर पड़ता



है। हालिया घटनाक्रम में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेज उछाल आया है और यह 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और अहम समद्री मार्गों पर खतरे की आशंका से तेल आपूर्ति प्रभावित होने की चिंता बढ़ गई है। विश्लेषकों का कहना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो पेंट कंपनियों के मार्जिन पर दबाव आ सकता है। इसी आशंका के चलते निवेशक फिलहाल इन शेयरों में मुनाफावसूली कर रहे हैं। हाल के सत्रों में कुछ कंपनियों के शेयर कई महीनों के निचले स्तर तक पहुंच चुके हैं, जो बाजार में बनी अनिश्चितता को दर्शाता है।

### जानें आने वाले दिनों में क्या रहेगा हाल?

बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, पेंट सेक्टर की दिशा आने वाले दिनों में कच्चे तेल की चाल और वैश्विक हालात पर निर्भर करेगी। यदि तेल की कीमतों में स्थिरता आती है, तो शेयरों में सुधार की संभावना बन सकती है, अन्यथा दबाव जारी रह सकता है।

## सिंगापुर की कंपनी ने बेंगलुरु में बेची 852 करोड़ की ऑफिस बिल्डिंग

**बेंगलुरु, एजेंसी।** सिंगापुर के इनवेस्टमेंट मैनेजर जेंडर (की तरफ से एक बड़ा डेवलपमेंट सामने आया है। बेंगलुरु के एम्बेसी गोल्फलिंक्स बिजनेस पार्क में एक ऑफिस बिल्डिंग है पाइनहर्स्ट। इस ऑफिस बिल्डिंग में जेंडर की भी भागीदारी थी। खबर आई है कि एम्बेसी गोल्फलिंक्स बिजनेस पार्क जेंडर ने एक्जिट कर लिया है। यह हिस्सेदारी को 852 करोड़ रुपये में बेची गई है। हमारी सहयोगी ईटी की एक खबर के मुताबिक बीते दिसंबर में ही इस ट्रांजेक्शन की घोषणा कर दी गई थी। अब, तीन मार्च 2026 को यह डील क्लोज हो गया है। यह डील भारत में रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट द्वारा किसी थर्ड पार्टी से प्रॉपर्टी खरीदने का पहला उदाहरण है। सिंगापुर के जेंडर ने बेंगलुरु की इस प्रॉपर्टी को साल 2018 में खरीदा था। पाइनहर्स्ट की इस प्रॉपर्टी को लेने में उसे 340 करोड़ रुपये देने पड़े थे। अब इसके बेचने की डील 852 करोड़ रुपये में हुई है। मतलब कि करीब आठ साल की होल्डिंग अवधि के दौरान कंपनी को चार गुने से ज्यादा का मुनाफा हुआ है। इस समय देश के महानगरों में ऑफिस स्पेस की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। तभी तो अपने पोर्टफोलियो में इसे प्रभावी तरीके से शामिल कर रहे हैं। इस समय भारत में बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर ऑफिस स्पेस का सबसे बड़ा बाजार बन कर उभरा है। इसे ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स टेक्नोलॉजी कंपनियों और घरेलू कंपनियों की तरफ से निकली डिमांड ने भी सपोर्ट किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)